रोहतक
मंगलवार, 30 सितंबर 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 241
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 36.7
न्यून. 23.7

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,364.94 | 61.52 ▼ |
| निफ्टी | 24,634.90 | 19.80 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,19,500/- | 1500/- ▲ |
| चांदी | 1,50,000/- | 7000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 88.79 | 7 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 69.17 बैरल 1.37% ▼
पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




## खबर संक्षेप

### संघ के शताब्दी वर्ष के मौके पर स्मारक टिकट सिक्का जारी करेंगे मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। साल 1925 में विजयादशमी के दिन स्थापित आरएसएस बृहस्पतिवार को अपने 100 वर्ष पूरे कर लेगा। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री बुधवार को संगठन के शताब्दी वर्ष समारोह की पूर्व संध्या पर आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले की उपस्थिति में स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। *एजेंसी*

### एससी मुर्मू आरबीआई के डिप्टी गवर्नर नियुक्त


मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने शिरीष चंद्र मुर्मू को तीन साल के कार्यकाल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। मुर्मू वर्तमान में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) में कार्यकारी निदेशक हैं। भाषा

## सीएम सैनी ने की राजस्व विभाग की चार नई परियोजनाओं की शुरुआत

# अब तहसीलों में पेपरलेस रजिस्ट्री

1. सीएम बोले, मानव हस्तक्षेप कम होगा, भ्रष्टाचार की कतई गुंजाइश नहीं
2. ये प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और बदलाव के नए अध्याय की शुरुआत
3. हमारा लक्ष्य, आम आदमी दफ्तरों के चक्कर न काटे घर पर मिलें सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के बाबैन कस्बे की उप तहसील से प्रदेश के किसानों और आम नागरिकों को राज्य सरकार के राजस्व विभाग की नई पहल के साथ 4 परियोजनाओं की सौगात दी है। इन नई परियोजनाओं के तहत किसान और आम नागरिक अब घर बैठे रजिस्ट्री, पेपर रहित निशानदेही, व्हाट्सएप चैटबोट से घर बैठे राजस्व विभाग के अपने कार्यों की वास्तविक स्थिति की जानकारी के साथ-साथ राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली से जमीन से सम्बन्धित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाबैन उप तहसील कार्यालय में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, सीमांकन पोर्टल, व्हाटसअप चैटबोट और राजस्व न्यायालय प्रबंध प्रणाली व्यवस्था का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग की 4 नई योजनाओं को लेकर तैयार की गई पुस्तिका का विमोचन भी किया।



### भ्रष्टाचार की जड़ों पर किया प्रहार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पेपरलेस रजिस्ट्रेशन करके राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार की जड़ों पर सीधा प्रहार कर रही हैं। इस प्रणाली से मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम होगा तो भ्रष्टाचार की गुंजाइश कतई नहीं रहेगी। अब रजिस्ट्री का काम पूर्णतः डिजिटल होगी, जिसमें यह पहल मिनिमम गवर्नमेंट-मेक्सिमम गवर्नेस की हमारी नीति का जीवंत उदाहरण है। इस पेपरलेस रजिस्ट्रेशन से पर्यावरण का भी बचाव होगा।

### पेपरलेस डीड के फायदे

- कागजों की जरूरत नहीं, सब कुछ ऑनलाइन होगा।
- सरल व आसान प्रक्रिया, कोई भी घर बैठे रजिस्ट्रेशन कर सकेगा।
- बार-बार तहसील जाने की जरूरत नहीं, एक चक्कर लगेगा।
- कर्ज विवाद व अन्य जानकारी तुरंत मिलेगी, समय की बचत।

## नए सिस्टम से किसानों और आम लोगों को फायदा, बढ़ेगी पारदर्शिता

### पेपरलेस रजिस्ट्रेशन
#### सिर्फ हस्ताक्षर व फोटो खिंचवाने आना होगा



पेपरलेस रजिस्ट्रेशन की इस पहल से रजिस्ट्री करवाने की दशकों से चली आ रही जटिल प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी। अब रजिस्ट्री करवाने में अनावश्यक देरी नहीं होगी। इससे नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। उनको केवल एक बार फोटो खिंचवाने व हस्ताक्षर के लिए तहसील जाना होगा।

### सीमांकन पोर्टल
#### रोवर और जीपीएस तकनीक से निशानदेही




**दूसरी पहल** सीमांकन (डिमार्केशन) पोर्टल के लिए की गई है। सीमांकन पोर्टल भूमि संबंधी विवाद की समस्या का एक स्थायी और तकनीकी समाधान है। पोर्टल के माध्यम से किसान अब अपनी भूमि की पैमाइश के लिए सीधे आवेदन कर सकते हैं। रोवर और आधुनिक जीपीएस तकनीक का उपयोग कर यह प्रक्रिया अब सटीकता, गति और निष्पक्षता के साथ पूरी होगी।

### व्हाट्सअप चैटबोट
#### 24 घंटे, 7 दिन उपलब्ध रहेगी जानकारी



**तीसरी पहल** व्हाट्सअप चैटबोट है। नया व्हाट्सएप चैटबॉट राजस्व विभाग से संबंधित सामान्य जानकारी, सेवाओं की स्थिति और आवश्यक दस्तावेजों की सूची चौबीसों घंटे, सातों दिन उपलब्ध कराएगा। अब अपने मोबाइल पर, तुरंत और सटीक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। गांव की जनता के लिए यह सुविधा बहुत मददगार साबित होगी।

### रेवेन्यू कोर्ट
#### न्याय प्रक्रिया में आएगी तेजी



चौथी पहल रेवेन्यू कोर्ट केस मैनेजमेंट सिस्टम की है। राजस्व न्यायालयों में लंबित मामले न्याय की राह में एक बड़ी चुनौती रहे हैं। अब राजस्व न्यायालयों में चल रहे मामलों की डिजिटल मॉनिटरिंग होगी। केस की स्थिति, तारीख और आदेश ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। इस सिस्टम से छोटे-छोटे मामलों में बरसों की देरी खत्म होगी। इससे न्याय प्रक्रिया तेज और पारदर्शी होगी।



**मरने वालों में पांच लोग एक ही परिवार के**

# दो कारों में भीषण भिड़ंत, छह की मौत

### अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे कैथल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र-कैथल मार्ग पर सोमवार सुबह गांव घराड़सी के समीप एक स्विफ्ट कार व टाटा हैरियर की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना में दोनों कारें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मरने वाले सभी लोग मारुति स्विफ्ट कार में सवार थे, जो यमुनानगर के रहने वाले थे। इनमें 3 महिलाएं भी शामिल है। ये सभी रिश्तेदार की मौत के बाद उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कैथल जा रहे थे।

### मरने वालों में ये शामिल

मृतकों में पांच एक ही परिवार के है, जिनमें पवन (57), उसकी पत्नी उर्मिला (49), बेटी वंशिका (23) साल, उसके भाई राजेंद्र (53) और सबसे छोटे भाई संजय की पत्नी सुमन (45) शामिल है, जबकि प्रवीण पुत्र स्वराज कार चालक था। उधर, टाटा हैरियर सवार संतोष (45) वासी पबनावा, लीला देवी (52), ऋषि पाल (55), प्रवीण (40) घायल हो गए जोकि एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन है।

### कुरुक्षेत्र-कैथल रोड पर हादसा

जानकारी के अनुसार कैथल जिले के पबनावा गांव के पूर्व सरपंच रामपाल के भाई ऋषि अपनी पत्नी लीला, भाभी संतोष और रिश्तेदार प्रवीण टाटा हैरियर गाड़ी में सवार होकर अंबाला जा रहे थे। दूसरी ओर यमुनानगर के छह लोग लोग मारुति स्विफ्ट कार में सवार होकर कैथल के कुराड़ गांव जा रहे थे। कुरुक्षेत्र-कैथल रोड पर घराड़सी गांव के पास दोनों कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई।




# यौन शोषण केस में फरार आरोपी सीएमओ की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के सीएमओ डॉ. मंजीत सिंह की बीती रात कुरुक्षेत्र जिले के झांसा के शांति नगर (कुरड़ी) स्थित अपने फार्म हाऊस पर संदिग्ध हालत में तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले में जांच शुरू कर दी। मृतक सीएमओ डॉ. मंजीत सिंह के खिलाफ कुछ दिन पहले यमुनानगर के अस्पताल की महिला चिकित्सक ने यौन शोषण व एससी, एसटी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करवाया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही मृतक सीएमओ डॉ. मंजीत सिंह अपने कार्यालय में नहीं आ रहे थे।

**यमुनानगर का मामला**



**सदिंग्ध हालत में फार्म हाऊस पर बिगड़ी तबियत**

### घटना के बाद से थे गायब

गत 22 सितंबर को जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर की महिला चिकित्सक ने सीएमओ डॉ. मंजीत सिंह पर यौन शोषण और जातिसूचक शब्द कहने के आरोप लगाए थे। महिला चिकित्सक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि सीएमओ डॉ. मंजीत सिंह ने उन्हें व्हाट्सएप कॉल कर अश्लील बातें की और संबंध बनाने के लिए कहा। पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए दबिश दे रही थी।

# कनाडा ने लॉरेंस गैंग को आतंकी संगठन किया घोषित



**जालंधर (एजेंसी)।** कनाडा सरकार ने भारत में एक्टिव लॉरेंस गैंग को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। यह गैंग सिर्फ भारत में ही नहीं, कनाडा में भी अपराध कर रहा है। कनाडा के पब्लिक सिक्योरिटी मिनिस्टर गैरी अनंदसंगरी ने कहा कि हिंसा और आतंक का कनाडा में कोई स्थान नहीं है, विशेष रूप से वे जो किसी विशेष समुदाय को डर के माहौल में रखने के उद्देश्य से किए जाते हैं। इसके चलते लॉरेंस गैंग को कनाडा के क्रिमिनल कोड के तहत आतंकवादी संगठन करार दिया जाता है। इस फैसले से गैंग की कनाडा में मौजूद किसी भी संपत्ति, वाहन, धन आदि को फ्रीज या जब्त किया जा सकता है। गैंग को वित्तीय मदद, यात्रा और भर्ती से जुड़े अपराध में भी कनाडाई एजेंसियों को कार्रवाई का अधिकार मिल गया है।

*कहा- ये भारत में हत्या-वसूली में एक्टिव संपत्ति जब्त, बैंक खाते फ्रीज होंगे*



## खबर संक्षेप

### कार्मेल कान्वेंट हादसा परिवार को 1.5 करोड़ मुआवजा देने का आदेश

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 2022 में कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल में पेड़ की शाखा गिरने से हुई त्रासदी पर बड़ा आदेश दिया है। कोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन को मृत छात्रा के पिता को 1 करोड़ और घायल छात्रा को 50 लाख रुपये मुआवज़ा देने के निर्देश दिए। हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई थी और दूसरी का हाथ कट गया था। जस्टिस कुलदीप तिवारी ने प्रशासन की दलील को खारिज किया कि यह ईश्वर की इच्छा थी। कोर्ट ने इसे इंजीनियरिंग विभाग की लापरवाही माना और प्रशासन को संवेदनहीन रवैये के लिए फटकार लगाई।

### भवन विस्तार के लिए समिति का गठन

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने मौजूदा भवन को स्थानांतरित करने का विचार त्यागते हुए उसके विस्तार की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। इसके लिए हाई कोर्ट ने एक प्रशासनिक समिति का गठन किया है, जिसमें हाई कोर्ट के दो जज, चंडीगढ़ प्रशासन के प्रतिनिधि, बार एसोसिएशन के सदस्य तथा अन्य हितधारक शामिल होंगे। यह समिति भवन विस्तार से जुड़े समग्र प्लान में आवश्यक संशोधनों पर विचार कर उसे अमलीजामा पहनाने की दिशा में कार्य करेगी।न्यायालय ने आदेश में कहा है कि सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उचित संशोधनों पर चर्चा के लिए समिति का गठन किया गया है। यह समिति हर सप्ताह बैठक करेगी।

हरियाणा आत्मनिर्भर भारत में निभाएगा अग्रणी भूमिका : नायब सिंह सैनी

# स्वदेशी हमारी ताकत, हर गांव में पहुंचेगा अभियान

## प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले सीएम, 25 दिसम्बर तक चलेगा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का मार्ग आत्मनिर्भरता से होकर जाता है और यह अभियान आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री चंडीगढ़ में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह अभियान गत 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से शुरू हुआ है और 25 दिसम्बर, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती तक चलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पौने तीन करोड़ जनता इस राष्ट्रीय महायज्ञ में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने इस अभियान को हरियाणा के हर गांव और हर शहर तक पहुंचाने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना बनाई है।

### स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा आत्मनिर्भर भारत के तीन स्तंभ

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान तीन स्तंभों स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा पर आधारित है। स्वदेशी का अर्थ भारत में ही वस्तुओं का उत्पादन और उपयोग करना है। इस दिशा में देश में स्टार्टअप्स की संख्या 1.60 लाख तक पहुंच गई है। हाल ही में इसरो ने भारत की पहली स्वदेशी सेमीकंडक्टर चिप 'विक्रम-32' विकसित की है। आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता बन चुका है। मुद्रा और पी.एल.आई. योजनाओं के माध्यम से एमएसएमई और निर्माताओं को बड़े स्तर पर सहयोग दिया जा रहा है, जिससे निर्यात 825 बिलियन डॉलर तक पहुंचा है।

### स्वदेशी का विचार नया नहीं, पीएम गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ा रहे

मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वदेशी का विचार हमारे लिए नया नहीं है। महर्षि दयानंद सरस्वती, बंगाल के स्वदेशी आंदोलन, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन से यह स्पष्ट होता है कि आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम उसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वभाषा का अर्थ भारतीय भाषाओं और ज्ञान प्रणालियों को बढ़ावा देना है। नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा शिक्षा को प्रोत्साहन दिया गया है और एमबीबीएस, इंजीनियरिंग सहित कई विषय भारतीय भाषाओं में पढ़ाए जा रहे हैं। इसी तरह, स्वभूषा का अभिप्राय हमारी अपनी विरासत, डिजाइन और सौंदर्यशास्त्र को अपनाने से है। खादी और ग्राम उद्योगों का कारोबार 1.70 लाख करोड़ पार कर चुका है। एक जिला-एक उत्पाद योजना में 750 जिलों से 1200 से अधिक उत्पादों की पहचान की गई है, जिनकी बिक्री ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर 2,000 करोड़ से अधिक है।

### खेल के मैदान में खिलाड़ी हो या युद्ध के क्षेत्र में सैनिक, जीत हमेशा भारत की हुई



कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेल के मैदान में हमारे खिलाड़ी हो या युद्ध के क्षेत्र में सैनिक, जीत हमेशा भारत की रही है। हमारे देश में हमेशा विजय होकर अग्रणी भूमिका निभाई है। ऐसा ही एशिया कप में भारत के क्रिकेट खिलाड़ियों ने पाकिस्तान को हराकर एक भव्य जीत दर्ज की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को लाडवा विधानसभा की बाबैन तहसील में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि अनाज मंडी में किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो, इसके लिए प्रदेश सरकार पूरा ध्यान रख रही है। अनाज मंडियों में धान खरीद को लेकर पुख्ता प्रबंध किए गए है। उन्होंने कहा कि आज के मशीनी युग में सारे काम मशीनों से होते हैं। पहले हाथ से कटाई में कई दिनों तक फसल खेतों में पड़ी रहती थी, जिसे नमी की मात्रा नियंत्रण में रहती थी, लेकिन अब मशीनों की कटाई के तुरंत बाद अनाज मंडी में पहुंच रही है। धान खरीद से पहले फसल में नमी की मात्रा 17 प्रतिशत से ज्यादा ना हो, इसके लिए किसानों से सहयोग की अपील है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को गेट पास फसल पंजीकरण से लेकर अन्य सभी सुविधाएं ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जा रही है। इतना ही नहीं फसल खरीद के बाद भुगतान भी जल्द से जल्द करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इसके लिए पूरी तैयारी है।

**मुख्य सचिव ने ली समीक्षा बैठक :** पराली जलाने पर तीन केस दर्ज, जुर्माना लगाया

# अब 'पराली प्रोटेक्शन फोर्स' करेगी खेतों की निगरानी



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

प्रदेश सरकार ने धान की कटाई के पीक सीजन से पहले ही पराली जलाने की रोकथाम के लिए अपनी मुहिम तेज कर दी है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में सोमवार यहां फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) हेतु राज्य कार्य योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक हुई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को कार्ययोजना का 100 फीसदी अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि पराली जलाने के प्रति सरकार की 'शून्य सहिष्णुता नीति' है। उन्होंने कहा कि वायु गुणवत्ता की रक्षा हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए अनिवार्य है।

### प्रदेश में 39.33 लाख एकड़ में धान की खेती

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में 39.33 लाख एकड़ धान क्षेत्र है और 5.65 लाख किसानों ने पराली प्रबंधन हेतु पंजीकरण कराया है। पंजीकरण करवाने वालों में शीर्ष पांच जिले– करनाल (4.69 लाख एकड़), कैथल (4.34 लाख एकड़), सिरसा (3.70 लाख एकड़), फतेहाबाद (3.61 लाख एकड़) और जींद (3.56 लाख एकड़) हैं।गौरतलब है कि अकेले इस वर्ष, 471.96 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन स्वीकृत किए गए हैं। किसानों को अवशेष प्रबंधन के लिए प्रति एकड़ 1200 दिए जा रहे है।

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी

**मुकदमा नं. 317 दिनांक 21.09.2025 धारा 127 (6) BNS थाना खोल जिला रेवाड़ी**



गुमशुदा की पहचान-
नाम- नफेसिहं पुत्र भगवान सिहं निवासी मुन्दी थाना खोल जिला रेवाड़ी
उम्र-62 वर्ष
कद-5 फुट 8 ईंच
हुलिया- रंग गेहूआ होठ के निचले हिस्से मे बाई तरफ निशान छाव है सफेद कुरता पजामा पहने हुए है। जो थोड़ा मन्दबुद्धी है। दिनांक 14.09.2025 से घर से बिना बताये चला गया था। जिस संबंध में मुकदमा नं. 317 दिनांक 21.09.2025 धारा 127 (6) BNS थाना खोल जिला रेवाड़ी दर्ज किया गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं चला है। यदि किसी थाने में या किसी व्यक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर फोन करके सूचित करे।
सम्पर्क नंबर-
1. अनुसंधानकर्ता - 9466082401
2. प्रबंधक अफसर थाना खोल- 7056666128
3. थाना खोल रेवाड़ी- 01281240034
4. कंट्रोल रुम रेवाड़ी- 01274-225156, 9306952004

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी

**मु. नं. 102 दिनांक 21-6-2025 धारा 127 (6) BNS थाना सदर रेवाड़ी**



गुमशुदा की पहचान बारे
नाम- अमिषा पत्नी सतीश निवासी राठीवासा थाना भौडाकला जिला गुरुग्राम हाल जैन सभा रेवाड़ी
उम 24 साल
कद -5 फुट
हुलिया रग गेंहूआ लम्बूतरा चेहरा पीठ पर तिल का निशान सुट सलवार पहने हुए है जो दिनांक 19-6-2025 को बिना बताए घर से चली गई। जिस समबन्ध में मुकदमा नं. 102 दिनांक 21-6-2025 धारा 127(6) BNS थाना सदर रेवाड़ी दर्ज किया गया है जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं चला है यदि किसी थाने में या किसी वयक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त है तो निम्नलिखित नम्बरों पर फोन करके सूचित करे ।
सम्पर्क नंबर-
1. अनुसंधानकर्ता -9416371956
2. प्रबन्धक अफसर-7056666123
3. थाना सदर -01274-222621
4. कन्ट्रोल रूम रेवाड़ी - 01274-225156,9306952004

पीआरडीएच-1084/11/3959/2026/39110/88/6 दि. 29.09.25

लिव-इन-रिलेशन ने बिगाड़ा सामाजिक ढांचा

# थामे नहीं थम रहा परिवार टूटने का सिलसिला: भाटिया

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

साधारण खानपान और सादगी के लिए मशहूर म्हारे हरियाणा ने जहां खेलकूद और कई फील्ड में पूरे विश्व में नाम रौशन किया है लेकिन बदलते वक्त के साथ में बड़े शहरों की तर्ज पर कई साइड इफेक्ट भी सामने आने लगे हैं। इस तरह का खुलासा खुद हरियाणा महिला आयोग की चेयरमैन रेणु भाटिया ने किया है। उन्होंने लिव-इन-रिलेशनशिप के कारण आए दिन बिगड़ रहे सामाजिक ढांचे को लेकर चिंता जाहिर की है, क्योंकि समाज में परिवार टूटने का सिलसिला थामे नहीं थम रहा है।भाटिया ने पूछे जाने पर कई शिकायतों और घटनाओं के उदाहरण दिए।

### 12 हजार शिकायतें मिली 60% मामले लिव इन के



हरियाणा महिला आयोग चेयरमैन शरेणू भाटिया ने पूछे जाने पर कई शिकायतों और घटनाओं के उदाहरण दिए। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान लगभग 12 हजार करीब शिकायतें मिलीं हैं। इसमें से साठ फीसदी से ज्यादा मामले लिव इन रिलेशनशिप होने के बाद में हुए हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि हमने इस तरह के मामले भी पकड़े हैं, जिसमें एक महिला लिव इन रिलेशनशिप हेराफेरी कर सात-सात व्यक्तियों के साथ में रह चुकी है।इंस्टाग्राम और मोबाइल एप से अनगिनत मामले भाटिया ने अपने अनुभव के आधार पर बताया कि सोशल मीडिया इंस्टाग्राम और फेसबुक अन्य तरह से दोस्ती के चक्कर में फंसकर इस तरह के ज्यादा मामले घटित हो रहे हैं। इससे परिवार टूट रहे है।

सेना की राइजिंग स्टार कोर का सद्भावना यात्रा कार्यक्रम

# राज्यपाल ने कठुआ के 25 छात्रों से किया संवाद, घोष ने बढ़ाया उत्साह



**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ क्षेत्र के गुज्जर-बक्करवाल समुदाय के 25 विद्यार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल के साथ उनकी पत्नी मित्रा घोष भी उपस्थित रहीं। लेफ्टिनेंट कर्नल अमरीक सिंह के नेतृत्व में 12 लड़कियों और 13 लड़कों का यह दल भारतीय सेना की राइजिंग स्टार कोर द्वारा आयोजित सद्भावना यात्रा-2025-26 के अंतर्गत राष्ट्रीय एकीकरण दौरे पर हैं।

### राज्यपाल बोले- देश का हर नागरिक आपके साथ

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत से अध्ययन करने तथा जम्मू-कश्मीर सहित संपूर्ण राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का हर नागरिक उनके साथ है और उन्हें बेहतर भविष्य निर्माण के लिए हरसंभव अवसर उपलब्ध होंगे। ऑपरेशन सद्भावना के तहत आयोजित इस प्रेरक संवाद ने विद्यार्थियों को भारतीय लोकतंत्र, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता के साथ और गहराई से जोड़ने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव दुष्मंत कुमार बेहेरा व अन्य मौजूद रहे।

इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष सरकार पर बरसे

# किसानों को 15 दिन में फसल खराब होने का मुआवजा दे सरकार : अभय

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित पार्टी मुख्यालय पर इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने प्रेस वार्ता में कहा कि हरियाणा कई जिलों में जलभराव के कारण लाखों एकड़ फसलें खराब हो गई। किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला और न ही खेतों से पानी निकाला गया है। अगर सरकार ने अगले 15 दिनों में किसानों को मुआवजा और उनके खेतों से पानी नहीं निकाला तो हम बीजेपी का पानी निकाल देंगे। किसानों के साथ मिलकर कोई बड़ा फैसला लेंगे। जरूरत पड़ी तो हम इसको लेकर बड़ी लड़ाई लड़ेंगे। मुख्यमंत्री रोज नए फरमान जारी करते हैं। लेकिन कोई भी चुनावी वादा आज तक पूरा नहीं किया। रोज घोषणाएं करते हैं पूरी कोई नहीं करते। सरकार कुछ करती तो प्रदेश साढे तीन लाख करोड़ का कर्जा नहीं होता। बीजेपी सरकार प्रदेश को लूट कर खा गई और अब भी लूट रहे हैं।



### भूपेंद्र हुड्डा भाजपा के प्रॉक्सी बनकर काम कर रहे

उन्होंने बताया कि लोगों ने उनसे कहा कि इस बार सभी लोग कांग्रेस की सरकार बनाना चाहते थे लेकिन भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे ने कांग्रेस को हरवाया। हुड्डा मुकदमों के डर से भाजपा की प्रॉक्सी बन कर काम कर रहे हैं। हुड्डा को भाजपा की ओर से जो संदेश मिलता है वो वैसे ही करते हैं। प्रदेश के सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने अपने सारे कामकाज छोडक़र स्वर्गीय चौधरी देवीलाल का जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने रोहतक रैली में पहुंचे और पूरे प्रदेश के लोगों को यह संदेश दिया कि वो मौजूदा सरकार से बेहद परेशान हैं। उन्होंने इलेक्ट्रोनिक, प्रिंट के पत्रकारों और सोशल मीडिया के लोगों का भी आभार वयक्त किया जिन्होंने हकीकत दिखाने का काम किया।

### सुरजाखेड़ा की याचिका पर मुख्य सचिव, डीजीपी व अन्य को नोटिस

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा के पूर्व विधायक रामनिवास सुरजा खेड़ा की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हरियाणा के मुख्य सचिव, डीजीपी व एडीजीपी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को 27 अक्टूबर के लिए नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। रामनिवास फिलहाल अंबाला के केंद्रीय जेल में बंद हैं और उनके खिलाफ पुलिस एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी )ने कई बार गिरफ्तारी और रिमांड की कार्यवाही की है। याचिका में बताया गया कि 2015-2019 के बीच हुड्डा (अब शहरी विकास प्राधिकरण) के खाते से करीब 70 करोड़ रुपए की फर्जी डेबिट ट्रांजैक्शन हुईं। मामले में सुरजा खेड़ा का पक्ष रखते हुए एडवोकेट सज्जल बंसल व दीपांशु बंसल ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में पूर्व विधायक को सीधे तौर पर आरोपी नहीं बनाया गया था, बल्कि जांच के दौरान संदिग्ध लेनदेन और बैंक खातों की कड़ियां मिलने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। एसीबी ने बार-बार पुलिस रिमांड मांगी, हालांकि अदालत ने हर बार रिमांड की अवधि सीमित कर दी और सिर्फ एक या दो दिन की रिमांड ही दी गई। रामनिवास का आरोप है कि उनकी गिरफ्तारी पूरी तरह गैर-कानूनी तरीके से की गई। उनके अनुसार, पुलिस और एसीबी ने गिरफ्तारी का कोई स्पष्ट और ठोस आधार पेश नहीं किया।

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India**
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
(स्ट्रैस्ड असैट मैनेजमेंट ब्रांच)
603 बी, कॉनेकटस टावर, भव भूति मार्ग, नई दिल्ली-110001
E-mail: ubin0906069@unionbankofindia.bank

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 6(2)/8(6) के तहत बिक्री के बारे में जानकारी के लिए कर्जदार को सूचना (30 दिन का नोटिस)**

सेवा में,
1. **मै. ग्रीनस्पेस इंफ्राहाइट्स प्राइवेट लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : मै. ग्रीन स्पेस इंफ्राहाइट्स प्रा. लि., 306, तृतीय तल, इंद्रप्रस्काश बिल्डिंग, 21-बाराखंभा रोड, नई दिल्ली-01

**गारंटर/गिरवीकर्ता/कानूनी वारिस :**
1 **श्री संदीप जैन (निदेशक एवं गारंटर)** मै. ग्रीन स्पेस इंफ्रा हाइट्स प्रा. लि., पुत्र श्री एस.बी. जैन, मकान नं. डी-312, प्रथम तल, डिफेंस कॉलोनी, दिल्ली-110024
2. **श्री सचिन जैन (निदेशक/गारंटर)** मै. ग्रीन स्पेस इंफ्रा हाइट्स प्रा. लि., डी-209, भू-तल, अशोक नगर, फेज-1, नई दिल्ली।

महोदय/महोदया,

● **प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत बैंक को देय राशि की वसूली हेतु श्री संदीप जैन के नाम फ्लैट नं. 1104, 11वां तल, टावर नं. डी-3, श्री वर्धमान गार्डेनिया, गांव राई सेक्टर-10, सोनीपत, हरियाणा माप 1195 वर्ग फुट की बिक्री और मै. ग्रीन स्पेस इंफ्राहाइट्स प्रा. लि. के नाम सेक्टर-14 कोट बिल्लाह, पंचकूला एक्सटेंशन-II, तहसील एवं जिला पंचकूला में स्थित क्षेत्रफल माप 8.23 एकड़ प्रोजैक्ट भूमि पर निर्मित भवन और भूमि की बिक्री।**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, स्ट्रैस्ड असैट मैनेजमेंट (एसएएम) शाखा, 603 बी, कॉनेकटस टावर, भव भूति मार्ग, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने, नई दिल्ली-110001, सिक्योर्ड क्रेडिटर ने प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण की धारा 13(2) के अंतर्गत दिनांक 25.04.2022 को एक डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें निर्धारित समय के अंदर देय राशि का भुगतान करने के लिए आपका आह्वान किया गया। चूँकि, आप निर्धारित अवधि के अंदर उक्त सूचना का अनुपालन करने में विफल रहे, प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत अचल प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों का कब्जा 09.06.2025 को ले लिया है।

प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का कब्जा लेने के बाद भी, आपने बैंक को देय राशि का भुगतान नहीं किया है। ऐसी स्थिति में, इस नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 30 दिनों के पश्चात ऑनलाइन मोड के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करके नीचे वर्णित संपत्ति को बेचना आवश्यक हो गया है।

ई-नीलामी की तिथि और समय सहित संपत्ति का आरक्षित मूल्य और उस सेवा प्रदाता का विवरण, जिसमें ई-नीलामी आयोजित की जानी है, आपको अलग से सूचित किये जाएंगे।

अतः, यदि आप बिक्री सूचना के प्रकाशन की तिथि से पूर्व अनुवर्ती ब्याज, लागत, बैंक द्वारा किए गये व्यय और चार्जेज सहित बैंक को देय राशि का पुनर्भुगतान कर देते हैं, तो सम्पत्ति की बिक्री के लिए आगे कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी और आप अधिनियम की धारा 13 (8) में निर्धारित अनुसार आपकी संपत्ति को छुड़ा सकते हैं।

**सम्पत्ति की अनुसूची**
**अचल संपत्ति का वर्णन**
1. श्री संदीप जैन के नाम फ्लैट नं. 1104, 11वां तल, टावर नं. डी-3, श्री वर्धमान गार्डेनिया, गांव राई सेक्टर-10, सोनीपत, हरियाणा माप 1195 वर्ग फुट।
2. मै. ग्रीन स्पेस इंफ्राहाइट्स प्रा. लि. के नाम सेक्टर-14 कोट बिल्लाह, पंचकूला एक्सटेंशन-II, तहसील एवं जिला पंचकूला में स्थित क्षेत्रफल माप 8.23 एकड़ प्रोजैक्ट भूमि पर निर्मित भवन और भूमि।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 24.09.2025

प्राधिकृत अधिकारी,
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

### बिहार विधानसभा चुनाव व अन्य उपचुनाव में ड्यूटी देंगे प्रदेश के अधिकारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बिहार विधानसभा के आगामी आम चुनाव और जम्मू-कश्मीर (बड़गाम और नगरोटा), राजस्थान (अंतरा), झारखंड (घाटशिला), तेलंगाना (जुबली हिल्स), पंजाब (तरनतारन), मिजोरम (दम्पा) और ओडिशा (नुआपाड़ा) में होने वाले उपचुनावों के लिए विभिन्न राज्यों में केंद्रीय पर्यवेक्षक (सामान्य, पुलिस और व्यय) के रूप में कार्यरत 470 अधिकारियों (320 आईएएस, 60 आईपीएस और 90 आईआरएस/आईआरएएस/आईसीएस ) को तैनात करने का निर्णय लिया है।

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में सोनीपत में न्यू ज्युडिशियल कोर्ट कॉम्प्लैक्स में लिंक कॉरिडोर का प्रावधान + 1 कार्य। | 26.09.2025 03.10.2025 | 52.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 2 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- रानियां रोड, सिरसा कस्बा में मशीन वाउंड स्पायर्ल लाइनिंग (एमडब्ल्यूएसएल) टेक्नोलॉजी द्वारा आकार 1800 मिमी आई/डी सीवर लाइन के मौजूदा मेन ट्रंक सीवर का मजबूतीकरण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 27.09.2025 17.10.2025 | 1441 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- एसटीपी केलनियां के आकार 1000×1500 मिमी आई/डी ब्रिक सीवर (सीआईपीपी द्वारा) नोड नं. 3135 के मौजूदा मेन ट्रंक सीवर का मजबूतीकरण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 27.09.2025 17.10.2025 | 1350 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- सिरसा कस्बा जिला सिरसा में सुपर सकर मशीन द्वारा मिनी बाईपास रानियां रोड पर 900 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप और वॉल्मिकी चौक से पटेल चौक पर 1400 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप की गाद निकालना, शिव चौक से वॉल्मिकी चौक से नोड नं. 3135 सरकुलर रोड पर आकार 900×1400 मिमी, 800 मिमी × 1300 मिमी आई/डी ब्रिक सीवर के मौजूदा मेन ट्रंक सीवर का मजबूतीकरण (सीआईपीपी द्वारा) और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 27.09.2025 17.10.2025 | 1210.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज झज्जर | 33.71 – गांव सुरेहती ब्लॉक साल्हावास में नीम नाथ स्टेडियम की सीढ़ियों के ऊपर शैड का निर्माण। | 26.09.2025 03.10.2025 | 28.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज ब्लॉक बोंद कलां | गांव अचीना में स्टेडियम में शैड का निर्माण (डी-प्लान) + 7 कार्य। | 27.09.2025 03.10.2025 | 40.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168502876 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाण, रोहतक | अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में रोड क्रॉसिंग पर भालोठ सब ब्रांच के आरडी 140740 और 148961 पर फेंसिंग वायर का प्रावधान व फिक्सिंग + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.10.2025 | 11.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाण, सिरसा | कैनाल कॉलोनी, हिसार रोड, सिरसा में क्वार्टर नं. जे-15 की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 06.10.2025 | 0.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण, सोनीपत | गांव गंगाना, ब्लॉक मुंडलाना और जिला सोनीपत में सब-सर्फेस ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सैलाइन सोइल का रिक्लेमेशन (एसएसडी ब्लॉक जेडी-18 से जेडी-23) (रिवाइज)। | बंद होने की तिथि 15.10.2025 | 342.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 10 | कृषि एवं किसान कल्याण, सोनीपत | गांव छापरा, ब्लॉक कथूरा और जिला सोनीपत में सब-सर्फेस ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सैलाइन सोइल का रिक्लेमेशन (एसएसडी ब्लॉक सीएचआर-1 से सीएचआर-8) (रिवाइज) 2025. | बंद होने की तिथि 15.10.2025 | 311.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 11 | कृषि एवं किसान कल्याण, सोनीपत | गांव भादी, गन्नौर सोनीपत में वाटरलॉगिंग और रिक्लेमेशन कार्य के लिए वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट। | बंद होने की तिथि 13.10.2025 | 42.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 12 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी में ऑफ्थैल्मोलॉजी विभाग के लिए 10 कैटेरेक्ट सैट की खरीद के लिए निविदा। | 01.10.2025 15.10.2025 | 10,000/- | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 13 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में 12 अदद लिफ्टों (मेक ओरबिस) के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान के लिए निविदा। | 01.10.2025 15.10.2025 | 24.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/260/39141/I/88/6 दि. 29.09.25

रोहतक
मंगलवार, 30 सितंबर 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 241
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.7
न्यून. 23.7

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



7 विश्व कप मिशन : घरेलू जमीन पर इतिहास रचने उतरेगी भारतीय महिला टीम




## खबर संक्षेप



### इलेक्ट्रिक गाड़ियों में लगेगा साउंड अलर्ट सिस्टम

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक बड़ा कदम उठाने का प्रस्ताव रखा है। सरकार चाहती है कि 1 अक्तूबर 2027 से सभी इलेक्ट्रिक कारों, बसों और ट्रकों में साउंड अलर्ट सिस्टम यानी एकॉस्टिक व्हीकल अलर्टिंग सिस्टम अनिवार्य कर दिया जाए। अक्टूबर 2026 के बाद इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों और मालवाहक वाहनों के नए मॉडल एवीएएस फीचर से लैस होने चाहिए। *एजेंसी*

### मूडीज: भारत की रेटिंग बीएए 3 पर बरकरार

**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को भारत के लिए 'स्थिर' परिदृश्य के साथ दीर्घकालिक



स्थानीय और विदेशी मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग और स्थानीय मुद्रा वरिष्ठ असुरक्षित रेटिंग को बीएए3 पर बरकरार रखा। किसी देश की समग्र ऋण-पात्रता और दायित्वों को पूरा करने की क्षमता को बताती है। वहीं स्थानीय मुद्रा वरिष्ठ असुरक्षित रेटिंग, उधारकर्ता की असुरक्षित ऋण चुकाने की क्षमता को दर्शाती है। *एजेंसी*

*हमसे सीखो देशभक्ति : सूर्यकुमार ने एशिया कप के सभी मैचों की अपनी फीस पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों और सशस्त्र बलों को देने का ऐलान किया।*

एशिया कप में लगभग कुचल दी गई पाक की टीम गरम तवे पर जा बैठी, आतंकियों की हिमायत में उतरी

# पाक क्रिकेटर 'सिंदूर' में मारे गए आतंकियों को देंगे मैच फीस, ट्रॉफी लेकर भागा नकवी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एशिया कप के तीसरे मैच में जबरदस्त शिकस्त खाने वाली पाक टीम के खिलाड़ी भी आतंकियों के प्रेम से ग्रस्त निकले। मैदान पर तो उन्होंने जेट गिराने के आपत्तिजनक एक्शन किए ही पर जब वे मैदान में पूरी तरह से गिरे तो बौखला गए। फाइनल मैच में इनामी राशि 75 हजार डॉलर का चेक पाक टीम कप्तान सलमान आगा ने जमीन पर फेंक दिया। बाद में प्रेस कांफ्रेस कर कहा कि पाक टीम ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों को अपनी मैच फीस देगी। गौर हो कि एशिया कप में टीम इंडिया ने पाक खिलाड़ियों से कभी हैंडशेक नहीं किया। साथ ही एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) व पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष अध्यक्ष मोहसिन नकवी से हाथों ट्रॉफी लेने से इंकार कर दिया था।

टीम इंडिया ने कहा कि वे अमीरात क्रिकेट बोर्ड के पदाधिकारी के हाथों ट्रॉफी लेना पसंद करेंगे लेकिन, जिनके हाथ पहलगाम में निरपराध 26 भारतीयों के खून से रंगे हों, उनसे ट्रॉफी नहीं लेंगे।

बीसीसीआई ने दी चेतावनी- जल्द वापस करें ट्रॉफी, वो पीसीबी की प्रॉपर्टी नहीं



### दिल जीतना ही असली ट्रॉफी : सूर्यकुमार

सूर्यकुमार ने कहा कि मैं इसे विवाद नहीं कहूंगा। अगर आपने देखा हो, तो लोगों ने ट्रॉफी की तस्वीरें इधर-उधर पोस्ट की हैं। लेकिन असली ट्रॉफी तो तब मिलती है जब आप लोगों का, खिलाड़ियों का, अपने द्वारा अर्जित विश्वास का, सपोर्ट स्टाफ का, उनके द्वारा दिखाए गए विश्वास का और पर्दे के पीछे काम करने वाले लोगों का दिल जीतते हैं। वही असली ट्रॉफी होती है।

**बोर्ड आईसीसी से करेगा शिकायत :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि नकवी ट्रॉफी लेकर अपने होटल के कमरे में चले गए। बोर्ड आईसीसी से इसकी शिकायत करेगा। बीसीसीआई ने चेतावनी दी कि ट्रॉफी व मेडल पीसीबी के नहीं हैं। उन्हें तुरंत लौटाए।

बच्चे को उल्टा लटकाने के मामले ने पकड़ा तूल

# प्रधानाचार्य और वाहन चालक गिरफ्तार, स्कूल पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सरिजन पब्लिक स्कूल में बच्चे को उलटा लटकाए जाने व उसके साथ मारपीट के मामले में स्कूल की प्रिंसिपल रीना व वाहन चालक अजय को गिरफ्तार कर लिया है। इधर, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने इस मामले में कडा संज्ञान लेते हुए स्कूल को बंद कराने व इस मामले की विभागीय जांच के आदेश दिए। मंत्री ढांडा के आदेश पर शिक्षा विभाग ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने बताया कि सरिजन पब्लिक स्कूल के पास मान्यता नहीं थी। पिछले 15 साल से स्कूल घर में चलाया जा रहा था। नोटिस देने के बाद स्कूल बंद करवा दिया गया है। इस स्कूल में शिक्षित हो रहे विद्यार्थियों की पढ़ाई को जारी रखवाना शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी है। जल्द ही बच्चों को दूसरे स्कूलों में शिफ्ट किया जाएगा।

**एक्शन**
- शिक्षा मंत्री के आदेश पर डीईओ ने बंद करवाया स्कूल
- शिक्षा विभाग ने जांच शुरू की
- स्कूल के पास मान्यता नहीं



मॉडल टाउन थाना प्रभारी जगमिंदर के मुताबिक, प्रिंसिपल बच्चों से स्कूल में कूड़ा उठवाती थी और अजय बच्चों से जबरदस्ती चाचा कहलवाता था। ऐसा न करने पर बच्चों को डराया जाता था। दोनों को कोर्ट में पेश कर 2 दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### दोबारा लटकाने की धमकी दी

**पूछताछ में कई बड़े खुलासे**

पुलिस पूछताछ में कई बड़े खुलासे हुए हैं। प्रिंसिपल रीना और ड्राइवर अजय ने बताया कि बच्चा थोड़ा शरारती था। सबक सिखाने के लिए दोनों ने मिलकर 22 अगस्त को स्कूल के एक कमरे में बच्चे के पैर रस्सी से बांधकर उसे जाली में उल्टा लटका दिया। ड्राइवर अजय ने बच्चे को थप्पड़ भी मारे। साथ ही डराया कि अगर किसी को बताया तो दोबारा लटका देंगे। अजय ने अपने फोन में बच्चे की फोटो खींच ली और अपने किसी जानकार को भेज दी। उसने फोटो को सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया।

**पहले भी मिल चुकी शिकायतें**

प्रिंसिपल रीना के पास पहले कई बार परिजनों की शिकायत आई थी कि ड्राइवर अजय बच्चों के साथ गलत व्यवहार करता है। आरोप है कि इसके बावजूद उसने ड्राइवर अजय पर कोई कार्रवाई नहीं की और ना ही उसे स्कूल से हटाया गया। दूसरा, प्रिंसिपल का एक और वीडियो सामने आया था। इसमें वह एक छात्र को पीटते हुए दिखाई दे रही है। इस पर प्रिंसिपल का कहना था कि छात्र ने दो सगी बहनों के साथ बुरा बर्ताव किया था। बच्चों को ठीक रास्ते पर लाने के लिए मैंने परिवारवालों को बताकर ये कदम उठाया था।

**दूसरी कक्षा में पढ़ता है छात्र :** महिला डोली ने बताया कि वह मुखीजा कॉलोनी की रहने वाली है। उनके 2 बच्चे हैं। जिनमें बड़ा बेटा 7 साल का है, जोकि विराट नगर स्थित सरिजन पब्लिक स्कूल में दूसरी कक्षा में पढ़ता है। उसे इसी साल स्कूल में एडमिशन दिलवाया था।


**इंस्टाग्राम पर दिखी वीडियो :** मां ने बताया कि शनिवार को उस वक्त उनके पैरों तले जमीन निकल गई, जब उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो देखा। इस वीडियो में उसके बेटे को स्कूल की क्लास में खिड़की से बांधा हुआ था। वीडियो के दूसरे हिस्से में प्रिंसिपल 2 छोटे बच्चों पर थप्पड़ों की बरसात करती दिख रही है।

**छात्र ने बताई बर्बरता की कहानी :** परिवार और प्रिंसिपल ने जब छात्र से इस बारे में पूछा, तो उसने बताया कि अजय अंकल ने उसे रस्सी से खिड़की पर उल्टा लटका दिया था। इसके बाद उसे खूब थप्पड़ मारे। अजय ने अपने दोस्तों को भी वीडियो कॉल कर पिटाई दिखाई।

ट्रंप ने किया एक और 'खेल'

## अब सिनेमा पर 100% टैरिफ लगाने का ऐलान

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के बाहर बनने वाली सभी फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाने का ऐलान किया। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिका में अपना फर्नीचर न बनाने वाले किसी भी देश पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा की। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि अमेरिका का "फिल्म निर्माण व्यवसाय" दूसरे देशों द्वारा 'बच्चे से कैंडी' की तरह छीन लिया गया है। कैलिफोर्निया अपने कमजोर और अक्षम गवर्नर के कारण बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसलिए लंबे समय से चली आ रही, कभी न खत्म होने वाली समस्या को हल करने के लिए मैं अमेरिका के बाहर बनने वाली सभी फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाऊंगा। ट्रंप ने कहा कि उत्तरी कैरोलिना, जिसने अपना फर्नीचर कारोबार चीन और अन्य देशों के हाथों पूरी तरह खो दिया है।



कंटेंट ब्लॉक करने से जुड़ा मामला

## एक्स कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को देगा चुनौती

**बेंगलुरु।** इलॉन मस्क की कंपनी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कर्नाटक हाईकोर्ट के हालिया आदेश पर गहरी चिंता जताई है। एक पोस्ट में एक्स ने लिखा है कि इस आदेश के बाद पुलिस अधिकारियों को सीक्रेट ऑनलाइन पोर्टल सहयोग के जरिए मनमाने ढंग से कंटेंट हटाने के निर्देश जारी करने का अधिकार मिल गया है। नई व्यवस्था का कानून में कोई आधार नहीं है। न ही आईटी एक्ट की धारा 69ए के मुताबिक है। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के खिलाफ है और भारतीयों की अभिव्यक्ति की आजादी जैसे संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। मस्क की कंपनी ने साफ किया है कि वह कर्नाटक हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ अपील करेगी और अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ेगी। 24 सितंबर को कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक्स की केंद्र सरकार के खिलाफ याचिका खारिज कर दी थी।

लिखा- यह अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला

आखिर कांग्रेस ने सौंपी कमान

## राव नरेंद्र प्रदेशाध्यक्ष हुड्डा नेता प्रतिपक्ष

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** हरियाणा कांग्रेस ने लंबे समय से चले आ रहे नेतृत्व संकट के बीच अब बड़ा बदलाव किया है। कांग्रेस हाईकमान ने राव नरेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष तथा भूपेंद्र सिंह हुड्डा को विधायक दल का नेता बनाया है। 2024 के विधानसभा चुनावों के बाद से भारी खींचतान के बीच कांग्रेस हरियाणा में प्रमुख पदों पर नई नियुक्ति करने में असफल दिख रही थी। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए राव नरेंद्र सिंह, कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला, कैप्टन अजय यादव के नाम चर्चा में थे। राव नरेंद्र सिंह को गत 23 को अचानक दिल्ली बुलाया गया और बिहार में होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी बैठक में शामिल किए जाने की जानकारी दी गई। *(पेज-2 भी देखें)*








पूरे परिवार के आधार कार्ड के बिना नहीं हो पा रहा आवेदन

### सास-बहू की अनबन से अटकी दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना

# लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ पाने को रूठी सास को मनाने में जुटी बहुएं

सूरज सहारण ▶▶ कैथल

*कुछ महिलाओं ने सालों से मनमुटाव वाले सास-ससुर को मनाना भी शुरू कर दिया है। खास बात यह भी है कि यदि सास-ससुर द्वारा उनको दस्तावेज मुहैया नहीं करवाए गए तो वे इस योजना का लाभ नहीं उठा पाएंगी।*

प्रदेश में लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ पाने के लिए अब बहुएं रूठी सासों को मनाने में जुटी हुई हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 25 सितंबर को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत की थी। अब सास बहू की अनबन इसमें रोडा बन रही है। हम बात कर रहे हैं आधार कार्ड की। इस योजना के तहत पूरे परिवार के सदस्यों, मां-बाप व सास-ससुर के आधार कार्ड व फेमिली आइडी की अनिवार्यता की गई है। ऐसे में इस योजना का लाभ लेने के योग्य सैकडों महिलाएं अब इस योजना का लाभ उठाने से इसलिए वंचित रहती दिखाई दे रही हैं क्योंकि उनकी अपने सास-ससुर से अनबन के चलते वे अपना आधार कार्ड व फेमिली आइडी मुहैया नहीं करवा रहे हैं।

### दूरियां होंगी कम

**घरेलू कलह के करीब 1500 केस सामने आए**

महिला थाना के आंकडों के अनुसार पिछले 3 वर्ष में जिले में घरेलू कलह के करीब 1500 केस सामने आए हैं। महिला थाना प्रभारी वीना ने बताया कि और एडवोकेट जयप्रकाश जागलान का कहना है कि ज्यादातर विवाद छोटी-मोटी बातों पर ही होते हैं।



**अब आई सास की याद**

नाम न छापने की शर्त पर एक वृद्ध महिला ने बताया कि उसकी बहू पिछले करीब 10 सालों से उनसे दूर रही है तथा सुख-दुख में भी कोई वास्ता नहीं रखती लेकिन न जाने क्यों अब लाडो लक्ष्मी योजना के दस्तावेजों हेतु उन्हें उनकी याद आई हे।

**हजारों लाभार्थी रहेंगी वंचित**

योजना के तहत योग्य महिलाओं से बातचीत करने पर सामने आया है कि बिना पूर्ण दस्तावेज के हजारों योग्य लाभार्थी भी सरकार की इस कल्याणकारी योजना से वंचित रहेंगी क्योंकि उनके सास-ससुर व अन्य परिजनों ने उन्हें दस्तावेज देने से साफ इनकार कर दिया है।

## नवरात्र पर विशेष



### अष्टम-महागौरी

भगवती दुर्गा का आठवां स्वरूप महागौरी कहलाता है। देवी के इस सौम्य और सात्विक स्वरूप की लोक कामना की जाती है, इसलिए दुर्गाष्टमी के दिन इस स्वरूप की आराधना के लिए विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। भगवान शिव की घोर तपस्या करके देवी ने शंख, इन्दु और कुंद के समान गौरवर्ण प्राप्त किया था, इसलिए वह महागौरी कहलाती हैं। महागौरी के वस्त्राभूषण श्वेत, स्वच्छ हैं। वह सुवासिनी, शांत और निर्मल चित्त वाली शांत मुद्रा में हैं। उनके एक हाथ में डमरू तो दूसरे हाथ में त्रिशूल है। इनका वाहन वृषभ (बैल) है। महागौरी ने शुम्भ नामक दानव का संहार किया था। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत की ओर प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी की आराधना का मंत्र है-

*श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचि:।*
*महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा॥*

## खबर संक्षेप

### रोजगार मेले में 127 का जॉब के लिए चयन

**रेवाड़ी।** जिला रोजगार कार्यालय की ओर से सोमवार को सेवा पखवाड़ा के तहत रोजगार मेला एवं सहायता शिविर का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में एमिनेंट पर्सन एवं प्रधान पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन सुरेन्द्र वशिष्ठ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। रोजगार मेले में नवितासिस इंडिया, ईजीएलओ इंडिया, असाई इंडिया ग्लास, रिको ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प, जीनियस एग्रीकेयर, पुखराज हेल्थ केयर, फ्लिपकार्ट, एसआईएस सिक्योरिटी, फ्रीडम एक्सॉन मैट्रिक कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें 298 प्रार्थी उपस्थित हुए तथा 167 प्रार्थियों को जॉब ऑफर दिया गया तथा 127 प्रार्थियों का मौके पर ही चयन किया गया।

### मौसम का बदला मिजाज बूंदाबांदी की संभावना

**रेवाड़ी।** सितंबर माह के अंत में मौसम में बदलाव आना शुरू हो गया है। आसमान में आंशिक बादल छाए रहने से बूंदाबांदी या हल्की बरसात की संभावना बन रही है। तापमान बढ़ने से गर्मी पसीने

**चेतावनी :** हिंदू लड़की के धर्म परिवर्तन मामले में खेल मंत्री गौरव गौतम की एंट्री

### पलवल में भीड़ बोली मस्जिद तुड़वा दो

# धर्म परिवर्तन कराने वालों का होगा तबीयत से इलाज, चिंता न करो

*मंत्री गौतम पलवल के लघु सचिवालय में पहुंचे, जहां लोग प्रदर्शन कर रहे थे। मंत्री को देखकर लोगों ने कहा कि मस्जिद को तुड़वा दो। इस पर मंत्री ने कहा कि समय रहते सभी चीजें ठीक होंगी।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के पलवल में नाबालिग हिंदू लड़की को मस्जिद में ले जाकर जबरन धर्म परिवर्तन कराने के मामले में प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम की एंट्री हो गई है। रविवार को मंत्री गौतम पलवल के लघु सचिवालय में पहुंचे, जहां लोग प्रदर्शन कर रहे थे। मंत्री को देखकर लोगों ने कहा कि मस्जिद को तुड़वा दो। इस पर मंत्री ने कहा कि समय रहते सभी चीजें ठीक होंगी, आप तसल्ली रखिए। भरोसा रखो पुलिस भी आपकी है और जनप्रतिनिधि भी आपका है। अच्छा एक्शन होगा और तबीयत से इलाज होगा, चिंता ना करो। मामले में अब तक पुलिस ने इस मामले में 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मौलवी को गिरफ्तार कर लिया है।



पलवल के गांव में स्थित मस्जिद , जहां लड़की के धर्म परिवर्तन की कोशिश की गई।

#### घर से बुलाकर मस्जिद ले गया लड़का

पलवल का मामला गुरुवार, 25 सितंबर का है। लड़की के पिता का कहना था कि घर पर एक मुस्लिम लड़का आया। उसने लड़की को कहा कि मस्जिद में मौलवी बुला रहे हैं। इसके बाद लड़की उसके साथ मस्जिद में चली गई। मस्जिद में गांव की 2 महिलाएं पहले से ही मौजूद थीं। इनमें से एक महिला उस लड़के की मां थी, जो लड़की को बुलाकर ले गया था, दूसरी उसकी पड़ोसन है।

#### मौलवी गिरफ्तार, अन्य की तलाश

इस संबंध में नाबालिग के पिता की शिकायत पर 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। मौलवी को गिरफ्तार कर लिया गया है, अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। **-नरेंद्र खटाना,** डीएसपी

#### कुछ लोग वेष बदलकर धर्म पर करना चाहते हैं चोट

कुछ लोग अपना वेष बदलकर हमारे धर्म पर चोट करना चाहते है। मेरे छोटे भाई - बहनों से ये आग्रह है कि ऐसे किसी भी चक्कर में ना फंसे, क्योंकि सनातन एक ऐसी संस्कृति है जो आपको अच्छे रास्ते पर लेकर जा सकती है। ये वक्त सनातन के साथ मजबूत बने रहने का है। उन्होंने कहा कि समय है कि सनातन को मजबूत बनाने का है।

#### राष्ट्रविरोधी ताकतें देश के अंदर एक्टिव

मंत्री ने आगे कहा- राष्ट्रविरोधी ताकतें हिन्दुस्तान के अंदर एक्टिव है, जो भारत को तोड़ना चाहती है। एक बात कहते हैं कि बंटोगे तो कटोगे और एक रहोगे तो सेफ रहोगे, नेक रहोगे। मंत्री ने कहा कि ये मंत्र लेकर यहां से जाइएगा। खेल मंत्री गौरव गौतम ने आगे कहा कि बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो सेफ रहोगे।

#### मुझे पता, आरोपी कौन सबको पकड़ेंगे

मंत्री ने पलवल के मामले को लेकर कहा- तुमको अभी कम पता है, इसमें अभी और लोग शामिल है। नाम मैं बताना नहीं चाहता, क्योंकि वो सचेत हो जाएंगे। ये तार यहीं नहीं जुड़े है, इसकी जानकारी मेरे पास भी है। इस भीड़ में वो जानकारी नहीं देना चाहता। एक दो लोग लड़की के गांव के नहीं है, वो दूसरे गांव से है। वो कहां पर फरारी काट रहे है, सब जानता हूं।



रतिया। थाने के बाहर हंगामा करते लोग। फोटो : हरिभूमि

*युवक को पकडऩे को लेकर लोगों ने किया थाने के बाहर जमकर हंगामा*

# सड़क पर नंगा घूमते युवकों को लेकर बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर थाने के बाहर रविवार रात को वार्ड नंबर 4 व 5 के लोगों ने जमकर हंगामा किया। वार्ड के करीब 400 के करीब लोगों ने थाने में पहुंच कर पुलिस प्रशासन के सामने बवाल मचाया। दरअसल, पिछले कई दिनों से वार्ड नंबर 5 की गलियों में कुछ दिन से किसी व्यक्ति के नग्न अवस्था में घूमने का मामला सामने आया था इसकी सीसीटीवी फुटेज भी सामने के बाद विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसके बाद से लोग लगातार निगरानी कर रहे थे। इसी बीच रविवार रात को एक व्यक्ति को पकड़ कर लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया। जिसके बाद वार्ड के करीब 400 के करीब लोग थाने पहुंच गए। इन लोगों ने उक्त आरोपी को उनके सामने लाने की मांग की। वार्डवासियों का कहना था कि अगर सामने नहीं लाया गया तो पुलिस आरोपी को बदल देगी। इसी बात पर काफी देर तक हंगामा चलता रहा। सूचना पाकर वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि हैप्पी सिंह भी थाने पहुंचे।

#### कई दिन से मोहल्लावासी कर रहे निगरानी

महिलाओं में डर का माहौल बना हुआ है। कई दिनों से मोहल्लावासी खुद भी निगरानी कर रहे थे। रविवार रात को करीब 55 साल का एक आदमी लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। हालांकि, उस आदमी का कहना है कि वह दुकान पर सामान लेने आया था। पकड़े गए युवक और सीसीटीवी में कैद युवक अलग-अलग सीसीटीवी फुटेज में नजर आए युवक और पकड़े गए आदमी के हुलिए और कद-काठी में काफी फर्क नजर आ रहा है। मगर लोगों को पकड़े गए आदमी की बातों पर यकीन नहीं हुआ।

# 48 साल बाद दक्षिणी हरियाणा के हाथ में कांग्रेस की कमान, राव नरेंद्र सिंह के सिर पर ताज

**राव निहाल सिंह थे 1972 से 1977 तक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष**

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा में इस बार ओबसी कार्ड खेला है। ओबीसी चेहरे के रूप में राव नरेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। इससे राजनीति



गलियों में नई हलचल पैदा हो गई है। इसकी खास वजह यह भी है कि राव नरेंद्र सिंह दक्षिणी हरियाणा से आते है और भाजपा तीसरी बार भी दक्षिणी हरियाणा में ज्यादा सीट जीतने से सत्ता में आई है। दूसरी बात साल 1972 से 1977 तक कांग्रेस पार्टी ने दक्षिणी हरियाणा से जुड़े बड़े नेता राव निहाल सिंह को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी थी। उसके बाद अब 48 साल के लंबे अंतराल के बाद दक्षिणी हरियाणा को अपनी ओर खींचने का यह कांग्रेस का प्रयास दिखाई दे रहा है। इसमें भविष्य में कांग्रेस कितनी कामयाब होगी, यह समय बताएंगा। फिलहाल दक्षिणी हरियाणा से ओबीसी चेहरे को यह पद मिलने से कांग्रेस का रूझान बढ़ने की संभावना नजर आ रही है।

#### राव नरेंद्र सिंह के पिता तीन बार बने एमएलए

राव नरेंद्र सिंह के पिता स्व. राव बंसी सिंह थे। उनके पिता तीन बार विधायक रहे। वहीं हरियाणा सरकार में वह विकास एवं पंचायत मंत्री भी रहे है। उनके पिता ने पहली बार 1972 में विशाल हरियाणा पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। जो बाद में 1978 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में विलय हो गई। दूसरी बार साल 1980 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में विधायक निर्वाचित हुए। तीसरी बार 1991 में अटेली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में निर्वाचित हुए। उस वक्त उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री राव बीरेंद्र सिंह के बेटे राव अजीत सिंह को पराजित किया था।

#### इन पदों की भी संभाली जिम्मेदारी

- स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं चुनाव मंत्री, हरियाणा सरकार (2010–14)
- महासचिव, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (1996)
- महासचिव, जिला कांग्रेस (आई) कमेटी महेंद्रगढ़ (1991)
- निदेशक, महेंद्रगढ़ सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड (1992)
- चेयरमैन, महेंद्रगढ़ सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड (1992)
- अध्यक्ष, जिला पेट्रोलियम एसोसिएशन, महेंद्रगढ़

#### कई अभियानों की जिम्मेदारी

*अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) द्वारा विभिन्न चुनावों में उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी गई। राहुल गांधी के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत उत्तराखंड में एआईसीसी पर्यवेक्षक नियुक्त हुए। इसके अलावा संगरूर संसदीय क्षेत्र, पंजाब (2014 आम चुनाव), करंज (सूरत) विधानसभा क्षेत्र, गुजरात (2017), फैजाबाद एवं दादरी (नोएडा) विधानसभा क्षेत्र, उत्तर प्रदेश (2018), फैजाबाद संसदीय क्षेत्र, उत्तर प्रदेश (2019), बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र, बिहार (2020) और जिला समन्वयक (महेंद्रगढ़) नियुक्त होकर भारत जोड़ो यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाई। वहीं 2024 लोकसभा चुनाव में रोहतक संसदीय क्षेत्र का एआईसीसी समन्वयक नियुक्त हुए, जिसमें पार्टी ने हरियाणा की 10 सीटों में से सबसे अधिक मतों (3,45,298) के अंतर से जीत दर्ज की।*

### एक साल बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता की जिम्मेदारी हुड्डा को

**चंडीगढ़।** आखिरकार कांग्रेस हाई कमान ने हरियाणा में लगभग 1 साल बाद कांग्रेस विधायक दल का नेता तय कर दिया है। यह जिम्मेदारी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह



हुड्डा को दी गई है। दीपावली से ठीक पहले उन्हें यह तोहफा हाई कमान की ओर से दिया गया है। वैसे भी कांग्रेस हाई कमान के सामने बड़ी दुविधा की स्थिति थी क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में विधायक हुए पूर्व नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ में अधिकांश विधायक हैं। हरियाणा विधानसभा के जितने भी सत्र अभी तक हुए हैं, उन सभी में कांग्रेस विधायक दल नेता और नेता विपक्ष के तौर पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा जिम्मेदारी निभाते रहे हैं।

# लॉ के छात्र ने रेलगाड़ी के आगे की आत्महत्या

**कारणों का नही हुआ खुलासा, रेलवे पुलिस जांच मे जुटी**

**जींद।** भिवानी रोड रेलवे ओवरब्रिज के नीचे सोमवार को एक युवक ने संदिग्ध हालात के चलते रेलगाड़ी के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। मृतक लॉ का छात्र और परिवार का इकलौता चिराग था। रेलवे पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। आत्महत्या के पीछे क्या कारण रहे, इसका खुलासा नही हो पाया है। फिलहाल रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरुद्वारा कालोनी निवासी रोहित 23 ने सोमवार को भिवानी रोड रेलवे ओवरब्रिज के नीचे रेलगाड़ी के आगे आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतक की पहचान संभव हो पाई।

# नकली दवाइयां बेचने के धंधे का भंडाफोड़

**सात कंपनियों के रेपर व अन्य सामान बरामद 8 लाख की दवाइयां बरामद**

**कैथल।** कृषि विभाग व पुलिस की टीम द्वारा कस्बा पुंडरी से नकली कृषि दवाइयां बेचने के मामला का भंडाफोड किया है। इस संबंध में टीम द्वारा मौके से करीब आठ लाख की नकली दवाइयां बरामद की हैं। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि यह गिरोह नकली दवाई बेंचकर किसानों को बड़े पैमाने पर चूना लगा रहा था। कृषि विभाग कैथल के उप मंडल अभियंता सतीश नाकरा ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें सूत्रों से सूचना मिली थी कि कस्बा पुंडरी में एक व्यक्ति नकली दवाइयों पर प्रसिद्ध कंपनियों के रैपर लगाकर बेच रहा है। 27 सितंबर को गणेश मार्केट फतेहपुर स्थित एक दुकान पर रेड की थी।

**कांग्रेस में बदल रहे सियासी समीकरण, पार्टी में गुटबाजी नकार रहे नेता, वास्तविकता आ रही सामने**

# कैप्टन के घर पहुंचे पूर्व सीएम हुड्डा आप नेता के प्रतिष्ठान पर राज बब्बर

- बड़ी जिम्मेदारी मिलने से पहले ही कैप्टन निवास पर पूर्व सीएम की दस्तक को मतभेद की खाई पाटने की कवायद माना जा रहा



भूपेन्द्र सिंह हुड्डा।



कैप्टन अजय सिंह।



राज बब्बर।



सतीश यादव।

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

कांग्रेस पार्टी में विधानसभा चुनावों के बाद सुस्त पड़ी राजनीति जिलाध्यक्षों की नियुक्ति और प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव को लेकर गर्म हो गई है। भले ही पार्टी में गुटबाजी की बातों को नकारा जा रहा हो, परंतु वास्तव में यह गुटबाजी कम होने की बजाय बढ़ रही है। रविवार देर सायं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के निवास पर पहुंचने से चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया, तो दूसरी ओर कांग्रेसी नेता राज बब्बर का आम आदमी पार्टी के नेता सतीश यादव के प्रतिष्ठान पर पहुंचना चर्चा का विषय बन गया। पार्टी में प्रदेश स्तर पर चलने वाली गुटबाजी से पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने खुद को अलग रखने के पूरे प्रयास किए हुए हैं। वह किसी एक गुट के साथ खुलकर सामने आने की बजाय तटस्थ बने रहते हैं। हुड्डा और सैलजा दोनों गुटों से उनका बराबर सामंजस्य बना रहा है। लोकसभा चुनावों में कैप्टन अजय को गुरुग्राम से टिकट नहीं मिलने के पीछे पूर्व सीएम हुड्डा की रणनीति माना गया था। टिकट नहीं मिलने के बाद कैप्टन ने हुड्डा पर खुलकर निशाना नहीं साधा, परंतु दबी जुबान में वह कटाक्ष करने में पीछे नहीं रहे थे। लोकसभा चुनावों के बाद उनके हुड्डा के साथ मतभेद बढ़ गए थे। कांग्रेस के प्रदेश में ओबीसी कार्ड खेलते हुए कैप्टन के बेटे चिरंजीव राव को प्रदेशाध्यक्ष बनाने की चर्चाओं के बाद पहले रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा यह इशारा कर गए थ कि इस बार प्रदेश कांग्रेस की कमान रेवाड़ी के हाथों में भी आ सकती है। अब रविवार को पूर्व मंत्री शकुंतला भगवाड़िया के निवास पर शोक व्यक्त करने पहुंचे भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कैप्टन के निवास पर जाकर बंद कमरे में गुफ्तगु करना इस बात के संकेत दे रहा है कि कैप्टन परिवार को पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेल्वे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | ATM-UMB-UMB-Gen-33-25-1 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 2. | ATM-UMB-UBC-Gen-36-25-1 | अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की स्थापना हेतु सर्कुलेटिंग एरिया में स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 3. | ATM-UMB-UBC-Gen-35-25-1 | अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु सर्कुलेटिंग एरिया में स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 4. | ATM-UMB-MET-Gen-29-25-1 | मलेरकोटला रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 5. | ATM-UMB-MET-Gen-30-25-1 | मलेरकोटला रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की स्थापना हेतु स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 6. | ATM-UMB-PTA-Gen-28-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना हेतु स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 7. | ATM-UMB-SAG-Gen-37-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 8. | ATM-UMB-SAG-Gcn-26-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 9. | ATM-UMB-YJUD-Gen-38-25-1 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना हेतु इंक्वायरी के नजदीक 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 10. | ATM-UMB-AADR-Gen-25-25-1 | अम्ब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 11. | ATM-UMB-NLDM-Gen-24-25-1 | नंगल डेम रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 12. | ATM-UMB-RPAR-Gen-23-25-1 | रूप नगर रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 13. | ATM-UMB-ANSB-Gen-21-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 14. | ATM-UMB-ANSB-Gen-22-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 15. | ATM-UMB-SIR-Gen-19-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 16. | ATM-UMB-SIR-Gen-20-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की स्थापना हेतु 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (बिना संरचना) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | 09.10.25 12:00:00 |
| 17. | MSS-UMB-PTA-MaChr-34-25-1 | रेलवे स्टेशन पटियाला पर भुगतान के आधार पर 10'x12' के कुल क्षेत्रफल के लिए इलेक्ट्रॉनिक रिलैक्सेशन चेयर्स का प्रावधान और संचालन (साइट प्लान के अनुसार)। | 09.10.25 12:00:00 |
| 18. | MSS-UMB-PTA-Hlthk-33-25-2 | पटियाला रेलवे स्टेशन पर 12'x12' के कुल क्षेत्रफल का स्वास्थ्य एटीएम कियोस्क स्थापित करना। | 09.10.25 12:00:00 |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जायें। 3003/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**



**उत्तर रेलवे**

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:**

- **कुल चौदह (14) स्टॉलः** हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली, दिल्ली छावनी, दिल्ली शाहदरा, मेरठ सिटी, पलवल, पानीपत, गनौर, करनाल, पटौदी रोड, रोहतक, गाजियाबाद, मेरठ छावनी, गुरुग्राम रेलवे स्टेशन।

ङ) कुल चौतीस (34) ट्रालीः बादली, बाघपत रोड, बल्लभगढ़, बड़ौत, जाखल, दिल्ली किशनगंज, फरीदाबाद, जींद, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद न्यू टाउन, मानसा, देवबंद, खतौली, खेकड़ा, नरवाना, नांगलोई, पालम, परतापुर, नोली, नरेला, सकौती टांडा, टपरी, ओखला, टोहाना,, शकूरबस्ती, शामली, तुगलकाबाद, जुलाना, सांपला, मोदीनगर, मुरादनगर, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, दिल्ली सफदरगंज रेलवे स्टेशन।

च) कुरूक्षेत्र, सब्जी मंडी, पलवल, गुड़गांव और मेरठ कैंट तक। स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।

- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2, 3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, बादली, ओखला, शामली, टपरी, जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (परतापुर और सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:
  - ट) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
  - ठ) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
  - ड)पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
  - ढ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
  - ण) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 07.10.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm Cir 2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm Cir 2023/CC%20%2009%20of%202023.pdf. पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 3007/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## बिहार चुनाव : महागठबंधन में सीट बंटवारे से पहले कांग्रेस की तैयारी तेज

पार्टी ने रविवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक की

# 70 सीटों पर नाम किए जा रहे तय, चुनावी रणनीति पर किया जा रहा निर्णायक मंथन

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने तैयारी तेज कर दी है। महागठबंधन में सीट बंटवारे से पहले ही पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियों तेज कर दी है।पार्टी ने अपनी स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक रविवार को की। 7 घंटे चली इस बैठक में सीट वार विस्तार से चर्चा हुई। कांग्रेस करीब 40 सीटों पर प्रत्याशी तय करने के निकट पहुंच गई है। कांग्रेस मुख्यालय में बैठक में सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, प्रभारी सचिव सुशील पासी के अलावा प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, शकील अहमद खान और मदन मोहन झा और कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के चेयरमैन अजय माकन ने की। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम का कहना है कि बिहार में कांग्रेस एक साथ कई मुद्दों पर काम कर रही है। अभी सभी सीटों व उसके संभावित उम्मीदवारों को लेकर चर्चा हो रही है। इसके अलावा जो सीटें हमें पहले मिली थी। उस पर किस तरह से चुनाव लड़ना है। इस पर चुनावी रणनीति तैयार की जा रही है। चुनावी तैयारियों और रणनीतियों को लेकर हम अपने सहयोगी दलों के साथ भी संपर्क में है।

### 7 घंटे चली इस बैठक में सीटवार विस्तार से चर्चा की



**कांग्रेस बेहतर उम्मीदवारों की तलाश कर रही**

बैठक में कहा जा रहा है कि कांग्रेस पिछले चुनावों से सीख लेते हुए इस बार ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करने के लिए बेहतर उम्मीदवारों की तलाश कर रही है। उम्मीदवारों के चयन के लिए सर्वे रिपोर्ट के साथ जिला कांग्रेस कमेटी की रिपोर्ट और पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट को भी आधार बनाया जा रहा है।

### इसलिए जल्दबाजी

अभी बिहार चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन में सीटों के बंटवारा नहीं हुआ है। ऐसे में कांग्रेस अपने कोटे वाली 70 सीटों पर नजर बनाए है, क्योंकि घटक दलों के बीच सीट बदलने की संभावना कम है। पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि इस चुनाव में पार्टी की कोशिश नए चेहरों को मौका देने की हैं जबकि कुछ मौजूदा विधायकों की सीट भी बदली जा सकती है।

## वैचारिक लड़ाई हारने वाले राहुल को चुप कराने में लगे : खेड़ा



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक पूर्व नेता की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर की गई कथित विवादित टिप्पणी को लेकर विपक्षी पार्टी ने भाजपा और आरएसएस पर हमला तेज कर दिया। पार्टी ने कहा कि जो लोग वैचारिक लड़ाई हार रहे हैं और जिनकी (वोट) चोरी पकड़ी जा चुकी है, वे अब विपक्ष के नेता की आवाज को दबाने की साजिश रच रहे हैं। प्रिंटू महादेव की राहुलको धमकी एक खौफनाक और घिनौनी साजिश है। महादेव एबीवीपी के पूर्व राज्य अध्यक्ष हैं। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा के एक प्रवक्ता ने टेलीविजन पर कहा कि राहुल के सीने में गोली मारी जाएगी और अब तक उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## भारतीय वैज्ञानिकों की अनोखी खोज

# जूतों की बदबू पर रिसर्च से मिला आईजी नोबेल पुरस्कार



**नई दिल्ली।** भारत के शोधकर्ताओं ने एक आम लेकिन परेशान करने वाली समस्या, बदबूदार जूतों पर वैज्ञानिक रिसर्च की और इसके लिए उन्हें आईजी नोबेल प्राइज 2025 से सम्मानित किया गया। शिव नादर यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर विकाश कुमार और उनके पूर्व छात्र सार्थक मित्तल ने यह साबित किया कि जूतों में बदबू का असली कारण जगह की कमी नहीं, बल्कि उनमें पनपने वाले बैक्टीरिया हैं।

### क्या नोबेल प्राइज?

*यह पुरस्कार हर साल ऐसे शोध को दिया जाता है जो पहले लोगों को हंसाता है और फिर सोचने पर मजबूर करता है। इसका मकसद विज्ञान की मजेदार और रचनात्मक साइड को दुनिया के सामने लाना है। आईजी नोबेल पुरस्कार 1991 में विज्ञान हास्य पत्रिका अनल्स ऑफ इंप्रोबेबल रिसर्च द्वारा शुरू किए गए थे। समारोह हर साल बोस्टन में आयोजित होता है जापान के वैज्ञानिकों को गायों को पेंट कर मक्खियों से बचाने का समाधान खोजने पर सम्मान मिला।*

## लगन, ईमानदारी और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता से काम करें : राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस), भारतीय कौशल विकास सेवा (आईएसडीएस) और केंद्रीय अभियंत्रण सेवा ( सीईएस) के प्रोबेशनरी अधिकारियों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से देश की सेवा में लगन, ईमानदारी और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ काम करने का आग्रह किया। भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सटीक सांख्यिकी विश्लेषण प्रभावी नीति निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि आज के डेटा-संचालित युग में सांख्यिकी का महत्व काफी बढ़ गया है। अधिकारियों का कार्य सरकारी आंकड़ों को संकलित और विश्लेषित करना है ताकि देश की बढ़ती सूचना आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

## उत्तराखंड में पेपर लीक मामला

# सीबीआई जांच की 'स्वीकृति' छात्रों पर दर्ज केस होंगे वापस

एजेंसी ▶▶ देहरादून



उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के स्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर लीक मामले में युवाओं का धरना जारी है। सीएम पुष्कर सिंह धामी युवाओं के बीच पहुंचे। उन्होंने सीबीआई जांच की संस्तुति की। इससे पहले जिलाधिकारी और एसएसपी ने युवाओं से बात की थी। लेकिन युवा सीबीआई जांच की मांग पर अड़े थे। आठवें दिन आखिरकार सीएम धामी मौके पर पहुंचे और हर कार्रवाई के बारे में युवाओं को बताया है।

### 4 हो चुके निलंबित


सीएम ने युवाओं की मांग पर हामी भरी। उन्होंने युवाओं से कहा कि परीक्षा देने वाले छात्रों पर जो भी मुकदमे हैं वो वापस लिए जाएंगे। इसके लिए उन्हें नाम की लिस्ट दे दी जाए। इस मामले में सरकार सेक्टर मजिस्ट्रेट केएन तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर सुमन समेत दरोगा व सिपाही को निलंबित कर चुकी है।






# पीएम मोदी ने लिखी प्रस्तावना-मेलोनी का जीवन राजनीति या सत्ता की खोज से अधिक साहस, विश्वास और लोकसेवा के 'संकल्प' का प्रतीक






एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी जल्द ही अपनी आत्मकथा दुनिया के सामने पेश करने वाली हैं। उनकी आत्मकथा की खास बात यह है कि इसमें प्रस्तावना का एक हिस्सा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से लिखा गया है। पीएम मोदी ने मेलोनी की आत्मकथा- आई एम जॉर्जियाः माई रूट्स, माई प्रिंसिपल्स में इटैलियन राष्ट्राध्यक्ष को लेकर कई अहम बातें लिखी हैं। बताया गया है कि इटली की प्रधानमंत्री की आत्मकथा को रूपा प्रकाशन की तरफ से छापा जा रहा है। इसमें लिखी भूमिका में पीएम मोदी ने कहा कि मेलोनी का जीवन राजनीति या सत्ता की खोज से अधिक साहस, विश्वास और लोकसेवा के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब मेलोनी ने पदभार संभाला था तो कई लोग आशंकित थे, लेकिन अब उन्होंने अपने नेतृत्व से मजबूती और स्थिरता का परिचय दिया है और इटली की आवाज को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर स्पष्टता से रखा है।

## पीओके में चौतरफा हिंसा, सरकार के खिलाफ हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर, यानी पीओके में लोगों का प्रदर्शन हिंसा में बदल गया है। सेना की गोलीबारी के बाद आम लोगों ने हिंसक प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हजारों नागरिक सड़कों पर उतरकर पाकिस्तान सरकार और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। पीओके से आ रही रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने निहत्थे नागरिकों पर गोलीबारी भी की है, जिससे माहौल काफी बिगड़ गया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उन्हें दशकों से राजनीतिक उपेक्षा, मानवाधिकार उल्लंघन और दूसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार झेलना पड़ रहा है।इसके अलावा यह भी संभावना है कि अमेरिका, ब्रिटेन और पूरे यूरोप जैसे देशों में पीओके प्रवासी समुदाय भी इस मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने के लिए विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। एएसी, जो एक नागरिक समाज गठबंधन है, उसका कहना है कि यह आंदोलन किसी संस्था के खिलाफ नहीं, बल्कि जनता के बुनियादी अधिकारों के लिए है, जिन्हें पिछले 70 सालों से छीन लिया गया है।

### खबर संक्षेप

## पुलिस को चकमा देने को 40 दिन में 13 होटल बदले

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक निजी संस्थान में 17 छात्राओं के कथित यौन उत्पीड़न के आरोपी स्वयंभू



बाबा चैतन्यानंद सरस्वती की चौंकाने वाली हरकतें सामने आई हैं। जांच में खुलासा हुआ कि वह गिरफ्तारी से बचने के लिए 40 दिनों में 13 होटल बदल चुका था और मथुरा-वृंदावन के साधुओं के आश्रमों में शरण लेता रहा। जुलाई में विदेश में रहने के बाद चैतन्यानंद 6 अगस्त 2025 को भारत लौटा। मामला दर्ज होने के बाद वह फरार था और आगरा से पकड़ा गया था।

## बौखलाए पाक के रक्षा मंत्री बोले-संवाद खत्म

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी पर बातचीत



का रास्ता खत्म करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि मोदी क्रिकेट की संस्कृति और खेल भावना को नष्ट करके, शांति और समस्याओं के समाधान की संभावनाओं को खत्म कर रहे हैं। दरअसल, पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर एशिया कप में भारत की जीत को खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर बताया था।

### भारत ने 10,000 करोड़ की सहायता देने का वादा किया

# भारत और भूटान के बीच दो नई रेल लाइन पर बनी सहमति, 4033 करोड़ होंगे खर्च

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

आने वाले दिनों में भारत और भूटान के बीच ट्रेन सेवा शुरू होगी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को भारत और भूटान के बीच रेल संपर्क स्थापित करने के लिए नई पहल की घोषणा की। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिसरी ने कहा, भारत और भूटान के बीच रेल संपर्क स्थापित करने के लिए एक बड़ी नई पहल है। विदेश सचिव मिसरी ने कहा कि भारत और भूटान के बीच जिन संपर्कों पर काम चल रहा है, वे माल और यात्री आवाजाही बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

इसलिए दोनों सरकारें बानरहाट (बंगाल) और समत्से (भूटान) तथा कोकराझार (असम) और गेलेफू (भूटान) के बीच सीमा-पार दो रेल लाइन बिछाने पर सहमत हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह भूटान के साथ रेल संपर्क परियोजनाओं का पहला सेट होगा। इस संपर्क के लिए समझौता ज्ञापन पर वास्तव में प्रधानमंत्री की भूटान यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे, जिसका मैंने कुछ समय पहले उल्लेख किया था, जो पिछले वर्ष हुई थी। इस समझौता ज्ञापन पर आज नई दिल्ली में भूटानी विदेश सचिव की नई दिल्ली यात्रा के अवसर पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए जाएंगे।

*भारत और भूटान के बीच दो रेल लाइन का निर्माण किया जाएगा*

*इससे भूटान के दो प्रमुख शहर गेलेफू और समत्से जाना आसान होगा*




### भूटान के विकास में साथ दे रहा भारत

वहीं, मिसरी ने कहा, भारत और भूटान असाधारण विश्वास, आपसी सम्मान और समझ का रिश्ता साझा करते हैं। यह एक ऐसा रिश्ता है जो सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों, लोगों के बीच व्यापक संबंधों और हमारे साझा विकासात्मक एवं सुरक्षा हितों पर आधारित है। उन्होंने कहा, ये संबंध उच्चतम स्तरों पर अत्यंत घनिष्ठ संपर्क में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2024 में भूटान का दौरा किया था, तो उन्हें ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्याल्पो से सम्मानित किया गया था, जो भूटान का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। भूटान के विकास में भारत की भूमिका पर मिसरी ने कहा, भारत भूटान को विकास सहायता प्रदान करने वाला सबसे बड़ा देश रहा है और इसने इसके आधुनिकीकरण, विशेष रूप से बुनियादी ढाँचे और देश के समग्र आर्थिक विकास के क्षेत्रों में, महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विदेश सचिव ने कहा कि भूटान की पंचवर्षीय योजना (2024 से 2029 तक) के लिए भारत सरकार ने 10,000 करोड़ रुपये की सहायता देने का वादा किया है, जिसमें परियोजनाओं में सहायता, उच्च-प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाएं, आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम और कार्यक्रम अनुदान शामिल हैं। यह राशि 12वीं पंचवर्षीय योजना की तुलना में 100% अधिक है।

#### भारत-भूटान रेल संपर्क

- कोकराझार (भारत)-गेलेफू (भूटान) नई लाइन
- 69 किलोमीटर लंबाई, स्टेशन 6, महत्वपूर्ण पुल 2, पुल 2, बड़े पुल 29, छोटे पुल 65, गुड्सशेड 2, सड़क ऊपरी पुल 1 और रोड अंडर ब्रिज 39 विकसित किए जाएंगे। इसका निर्माण 4 वर्षों में किया जाएगा।
- बानरहाट (भारत)-समत्से (भूटान) नई लाइन
- 20 किलोमीटर लंबाई, स्टेशन 2, बड़े पुल 1, छोटे पुल 24, सड़क ऊपरी पुल 1 और सड़क के नीचे पुल 37 बनाए जाएंगे। निर्माण की समय-सीमा 3 वर्ष है।

**बेहतर रिश्ते**

### भारत का व्यापारिक साझेदार है भूटान

भारत-भूटान के बीच रेल लिंक परियोजना पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना भूटान के दो महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ रही है। एक गेलेफू है, जिसे एक माइंडफुलनेस शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। दूसरा, समत्से, जो एक औद्योगिक शहर है। ये दोनों परियोजनाएं भारतीय रेलवे के कोकराझार और बनारहाट नेटवर्क से शुरू होंगी। इस समय अनुमानित निवेश लगभग 4033 करोड़ रुपए है, और कुल लंबाई लगभग 90 किलोमीटर है। 89 किलोमीटर का रेलवे नेटवर्क बनाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत भूटान का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भूटान का अधिकांश मुक्त व्यापार भारतीय बंदरगाहों के माध्यम से होता है। इसलिए, भूटान की अर्थव्यवस्था के विकास और लोगों की वैश्विक नेटवर्क तक बेहतर पहुंच के लिए एक अच्छा, निर्बाध रेल संपर्क होना बहुत जरूरी है, इसीलिए यह पूरी परियोजना शुरू की गई है।

### नेपाल के बाद पेरू में जेन जेड प्रदर्शन

## भ्रष्टाचार और पेंशन को लेकर सड़कों पर उतरे हजारों लोग




एजेंसी ▶▶| लीमा

नेपाल के बाद अब दक्षिण अमेरिकी देश पेरू के जेन जेड भ्रष्टाचार को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। 27 सितंबर को राजधानी लीमा में हजारों युवाओं ने राष्ट्रपति दीना बोलुआर्ते के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ और लाठीचार्ज किया, जिसके जवाब में युवाओं ने पथराव किया। दरअसल, ये विरोध 20 सितंबर को पेंशन प्रणाली में किए गए बदलावों के बाद शुरू हुए। नए नियम के अनुसार, पेरू में 18 साल से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को किसी न किसी पेंशन कंपनी से जुड़ना होगा। इसके अलावा राष्ट्रपति बोलुआर्ते और संसद के खिलाफ लंबे समय से जनता में असंतोष बना हुआ है। प्रदर्शन के लिए फेमस जापानी एनिमे 'वन पीस' के केरेक्टर 'लूफी' को अपना रोल मॉडल बनाया है। ये केरेक्टर न्याय के लिए लड़ता है।रिपोर्ट्स के अनुसार, पेरू के युवा शनिवार से राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे के खिलाफ फिर से प्रदर्शन कर रहे हैं। इन प्रदर्शनों से राजधानी लीमा सबसे ज्यादा प्रभावित है। इस दौरान पुलिस के साथ हुई झड़पों में एक दर्जन से अधिक

#### कहीं अमेरिका ने तो नहीं कर दिया खेल

प्रदर्शनकारी पेरू की सरकार के पेंशन कानून का विरोध कर रहे हैं, जिसके तहत 18 साल से अधिक उम्र के हर नागरिक को किसी न किसी पेंशन प्रदाता कंपनी के साथ जुड़ना अनिवार्य है। इसके अलावा पेरू के युवा भ्रष्टाचार से भी परेशान हैं। पेरू दक्षिण अमेरिकी देश है, जिसे चीन का करीबी माना जाता है। इससे दक्षिण अमेरिका में अमेरिकी हित प्रभावित होते हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि पेरू में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के पीछे अमेरिकी डीप स्टेट का हाथ हो सकता है।

# गरबा खेलते-खेलते महिला की हार्टअटैक से हुई मौत पति के साथ डांस कर रही थी, झांकी के सामने गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरगोन

29 सितंबर को देश दुनिया भर में विश्व हृदय दिवस मनाया जा रहा था। जिसमें हृदय रोग से बचने के लिए तरीके बताए जा रहे थे। इसी बीच खरगोन में दुर्गा पंडाल में गरबा कर रही एक महिला की हार्ट अटैक से मौत हो गई। महिला अपने पति के साथ 'ओ मेरे ढोलना' गाने पर डांस कर रही थी, तभी झांकी के सामने गिरी और दम तोड़ दिया।

घटना खरगोन जिले के भीकनगांव क्षेत्र के ग्राम पलासी की रविवार रात की है। इसका वीडियो सोमवार सुबह सामने आया। सोनम (19) अपने पति कृष्णपाल के साथ सिंगाजी मंदिर पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने गरबा कर रही थी। नाचते हुए अचानक वह जमीन पर गिर पड़ी। लोगों ने तुरंत उसे उठाया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।

### इसी साल हुई थी उसकी शादी



*सोनम की शादी इसी वर्ष मई में कृष्णपाल से हुई थी। पहले पंडाल में मौजूद लोग सोनम के गिरने की घटना को समझते हुए मुंह पर हाथ रखकर हंस रहे थे। जब सोनम नहीं उठी तो हड़कंप मच गया। कृष्णपाल ने उसे उठाने का प्रयास किया, जब नहीं उठी तो बाकी लोग भी आ गए, लेकिन तब तक सोनम की मौत हो चुकी थी। परिजन ने गांव के एक डॉक्टर को बुलाया, जिसने सोनम को मृत घोषित कर दिया। इधर, सामान्य मौत होने के चलते परिवार ने महिला का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया।*

अमेरिका को दिया बड़ा झटका

## चीन का बड़ा ऐलान... भारतीय फार्मा कंपनियों पर नहीं लगेगा कोई शुल्क

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तगड़ा झटका दिया है। जहां एक ओर ट्रंप ने भारतीय फार्मा कंपनियों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाया था, वहीं दूसरी ओर चीन ने भारतीय फार्मा कंपनियों पर टैरिफ हटा लिया है। अभी तक चीन भारतीय फार्मा कंपनियों ने 30 प्रतिशत टैरिफ लेता था। अब चीन में बिना किसी शुल्क के भारतीय दवाएं निर्यात हो सकेंगी। चीन का यह फैसला ट्रंप के खिलाफ एक बड़ा कदम माना जा रहा है। एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत, चीन और रूस के साथ आने के बाद से ट्रंप को घेरने की योजना बन रही थी। अब दिशा में कदम उठाए जाने लगे हैं। चीन ने भारतीय दवाईंयों पर टैरिफ शून्य किया, भारत ट्रंप टैरिफ पर कोई प्रतिक्रिया नहीं कर रहा हैं, वहीं रूस ट्रंप की लाख धमकियों के बाद भी यूक्रेन के खिलाफ अपना रुख बनाए हुए है। तीन महाशक्तियों के एक साथ आने से ट्रंप की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं।

### केरल विधानसभा में एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव किया पारित

**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा ने सोमवार को राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव में चुनाव आयोग से मतदाता सूची का पुनरीक्षण पारदर्शी तरीके से करने की अपील की गई है। सीएम पिनाराई विजयन ने प्रस्ताव पेश किया।

### कनाडा में भारतीयों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, आक्रोश में समुदाय



**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री मार्क कार्नी द्वारा भारत के साथ अपने देश के संबंधों को लगातार बेहतर बनाने की पहल के बीच कनाडा में भारतीयों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का एक बड़ा मामला सामने आया है। जिसमें मिसिसागा में बच्चों के एक पार्क के करीब 'इंडियन रैट्स' लिखी हुई एक बेहद घृणास्पद टिप्पणी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय समुदाय के लोग इससे बेहद नाराज हैं और उन्होंने हिंदू समूह कोलिजन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका (कोहना) के नेतृत्व में इसे नस्लवाद और हिंदूफोबिया बताते हुए कड़ी निंदा की है। बताते चलें कि कोहना अमेरिका और कनाडा में हिंदुओं के कल्याण और अधिकारों की वकालत करता है।

**G.V.M. GIRLS COLLEGE MURTHAL ROAD, SONEPAT-131001**

(Affiliated to M.D. University, Rohtak)

**ELECTION NOTIFICATION**


The election of Governing Body of G.V.M. Girls College, Sonepat is notified for the post of President, Vice-President, General Secretary, Treasurer, 11 members of Governing Body, Two Teaching Staff Representatives and One Non-Teaching Staff Representative, as per M.D. University, Rohtak guidelines. The election schedule is as under:

| | |
|---|---|
| 1. Date of Notification | : 30.09.2025 |
| 2. Date of filling of Nominations | : 11.10.2025 to 17.10.2025 from 10.00 am to 4.00 pm |
| 3. Date of Scrutiny of Nomination papers | : 18.10.2025 at 4.00 pm |
| 4. Date of Withdrawal of Nominations | : 19.10.2025 upto 4.00 pm |
| **5. Date of Symbol allotment (in the presence of University Observer)** | : 23.10.2025 at 12.00 noon |
| 6. Date of Election | : 09.11.2025 from 9.00 am. to 4.00 pm |
| 7. Date of declaration of Results | : 09.11.2025 from 4.00 pm onwards |
| 8. Venue of Election | : G.V.M. Girls College, Murthal Road, Sonepat |

**Dr. SubhashGakhar**
**Returning Officer**
**9466844040**

**Sh. Harish ChanderGhai**
**Returning Officer**
**9354817344**

**Dr. ManjulaSpah**
**Principal**
**9996089500**



## चिंतन

# टीम इंडिया ने पाक को किया अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेनकाब

टीम इंडिया ने बिलकुल वैसा ही किया जैसा किया जाना चाहिए था। आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को बेनकाब किया जाना बहुत जरूरी है और टीम इंडिया ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान को जिस तरह से सबक सिखाया, उससे न केवल अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाक की किरकिरी हुई, बल्कि विश्व बिरादरी में यह संदेश भी गया कि नया भारत दुश्मन को चौतरफा झटके देना जानता है। एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से रौंदकर 9वीं बार खिताब तो अपने नाम किया ही बिना ट्राफी के जैसा जश्न मनाया वो भी काबिलेतारीफ है। भारतीय टीम का ये जश्न देखने लायक था, क्योंकि खिलाड़ियों ने बिना ट्रॉफी लिए ही पाकिस्तानियों की छाती पर तांडव किया। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए पहले मैच से ही तनाव का माहौल था। टीम इंडिया ने तय कर लिया था कि वे पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ मैच में हाथ नहीं मिलाएंगे। लीग मैच में जीत के बाद उन्होंने ऐसा ही किया। इस पर पाकिस्तान की ओर से तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं भी आईं, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने इसकी जरा भी परवाह नहीं की। इसके बाद पाकिस्तान के जख्मों पर नकम छिड़कते हुए कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जीत को भारत के आर्म्ड और पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए फैमिली को इसे समर्पित कर दिया। सूर्यकुमार के इस कथन से पाकिस्तानियों को आग लग गई। इसके बाद सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान के हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान ने भारत के खिलाफ मैच में इशारेबाजी कर घटिया हरकत की। जिस पर टीम इंडिया ने आपत्ति जताई और तय कर लिया कि अगर वह फाइनल में पहुंचती है व चैंपियन बनती है तो वह पाकिस्तान के ही एसीसी चीफ मोहसिन नकवी के हाथ से ट्रॉफी नहीं लेंगे। बता दें कि एशिया कप के चैंपियन को एसीसी के चीफ ही ट्रॉफी हैंडओवर करते हैं। ऐसे में टीम इंडिया ने पहले से ही तय प्लानिंग के मुताबिक मोहसिन नकवी के हाथों से ट्रॉफी नहीं ली। मोहसिन नकवी स्टेडियम में ही बनाए गए मंच पर आए और लगातार घोषणा होती रही कि ट्राफी लें, लेकिन टीम इंडिया के खिलाड़ी इसे अनसुना करते रहे। लगभग आधे घंटे तक नकवी वहीं, खड़े रहे और फिर बेशर्मी दिखाते हुए ट्रॉफी को अपने साथ लेकर चले गए। इसके बाद जो हुआ उसे पाकिस्तान कभी नहीं भूल पाएगा। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने स्टेज पर मौजूद सभी खिलाड़ियों को बिना ट्रॉफी के जश्न मनाने के लिए कहा। फिर क्या था, अर्शदीप ने सबको बताया कि किसको, कैसे क्या करना है। उसके बाद कप्तान बिना ट्रॉफी लिए रोहित शर्मा के अंदाज में स्टेज पर चढ़े और चैंपियन की तरह एक्ट किया। इस एक्ट के दौरान टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी जमकर जश्न मनाते रहे। कप्तान ने जैसे ही ट्राफी ली सभी खिलाड़ियों ने जमकर स्वागत किया। खास बात यह रही कि ट्राफी हाथ में न होने के बावजूद टीम इंडिया ने इस अंदाज में फोटो भी खिंचवाए जैसे कि ट्राफी से साथ किया जाता था। इस दौरान स्टेडियम में दुनियाभर के दर्शक, खेल प्रेमी मौजूद थे। भारतीय खिलाड़ियों के इस एक्ट ने सबके सामने आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को बेनकाब कर दिया। पूरी चैंपियनशिप के दौरान टीम इंडिया ने न केवल पाकिस्तान को एक के बाद एक तीन बार हराया, बल्कि हर बार यह अहसास भी करवाया कि ये नया भारत है, जो न केवल जैसे को तैसा करना जानता है, बल्कि हर दुःसाहस का मुंहतोड़ जवाब भी देता है।



मंथन
मनोज कुमार अग्रवाल

तमिलनाडु के करूर में टीवीके प्रमुख विजय की रैली के दौरान मची भगदड़ में मृतकों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। देश में कभी कोई धार्मिक आयोजन, मंदिर दर्शन, कुंभ स्नान, खेल मैदान या धर्मगुरु बाबा की रैली निर्दोषों की जान लेती रही है, लेकिन इस बार राजनीति में पैर जमा रहे हीरो विजय के चक्कर में बेगुनाहों की जान चली गई। यह काफी दर्दनाक रहा। हालांकि अपने देश में वास्तविकता यही है कि इतने हादसे होने के बावजूद भी भीड़ नियंत्रण को लेकर ठोस रणनीति नहीं बनती और इसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ता है। अब जरूरत है भगदड़ जैसी होने वाले त्रासदी को रोकने के लिए नई रणनीति के तहत काम किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

# ऐसी क्या दीवानगी जिसमें जाए जान

अजीब दीवानगी है एक चहेते हीरो की रानीतिक रैली में शामिल होने के लिए चालीस जान चली गई। अपने देश में भगदड़ से आम लोगों की मौत होना एक नियति बनती जा रही है, क्योंकि देश के किसी न किसी हिस्से में कुछ समय के अंतराल पर ऐसी खबरें आती ही रहती हैं। इसका दुःखद पहलू यह है कि जब भी ऐसी कोई खबर आती है, तो दुःख जताने के साथ जांच कमेटी बैठा दी जाती है। साथ ही मुआवजा देकर मरहम लगाकर ऐसे मामलों की लीपापोती कर दी जाती है, लेकिन इससे सबक लेते हुए ऐसे दर्दनाक हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम बेहद कम ही उठाए जाते हैं। ऐसा ही मामला तमिलनाडु के करूर में टीवीके प्रमुख और अभिनेता विजय की रैली के दौरान मची भगदड़ में देखने को मिला है। इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। कभी कोई धार्मिक आयोजन, मंदिर दर्शन, कुंभ स्नान, खेल मैदान या धर्मगुरु बाबा की रैली निर्दोषों की जान लेती रही है, लेकिन इस बार राजनीति में पैर जमा रहे हीरो विजय के चक्कर में बेगुनाहों की जान चली गई। यह काफी दर्दनाक रहा।

मिल रही जानकारी के अनुसार इस भगदड़ को लेकर कोर्ट में एक याचिका भी दाखिल की गई है। विजय उनकी पार्टी कोर्ट के सामने इस हादसे को लेकर संदेह जता रही है। इसके बाद करूर भगदड़ की जांच रिटायर्ड हाईकोर्ट जस्टिस अरूणा जगदीशन की अध्यक्षता वाली कमेटी को सौंपी गई है। सोमवार को रिटायर जस्टिस करूर सिविल अस्पताल पहुंचीं। घायलों का हाल जाना।

इससे पहले विजय की पार्टी ने कोर्ट को बताया कि इस पूरे हादसे के पीछे एक सोची समझी राजनीतिक साजिश है, ये साजिश किसने रची इसकी जांच कराना भी बेहद जरूरी है। बता दें कि अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी टीवीके ने शनिवार को करूर में हुई रैली में हुई भगदड़ के पीछे डीएमके की साज़िश का आरोप लगाया है। इस भगदड़ में 40 लोग मारे गए और लगभग 100 घायल हुए। टीवीके के वकील अरिवझगन ने बताया कि पार्टी ने मद्रास उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है जिसमें अदालत से एक विशेष जांच दल गठित करने या मामले को केंद्रीय एजेंसी सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया था। वहीं, सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राजग के 8 सदस्यीय दल का गठन किया है। जो करूर का दौरा करेगा। मथुरा सांसद हेमा मालिनी को दल का कन्वीनर बनाया गया है। अनुराग ठाकुर, तेजस्वी सूर्या भी इसमें शामिल हैं।

मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों का आकंड़ा बढ़ने की आशंका है। इस साल 2025 में मंदिरों, रेलवे स्टेशन और महाकुंभ में भगदड़ में कई लोगों की जान गई है। देश में पिछले दो दशक में दो दर्जन बार भगदड़ में करीब 1500 लोगों की जानें जा चुकी हैं, जबकि हजारों लोग घायल हुए हैं।

2025 को भगदड़ दुर्घटनाओं का साल कहा जाए तो गलत नहीं होगा इस साल की शुरुआत में 8 जनवरी को तिरुमाला हिल्स में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट लेने के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच हुई धक्का-मुक्की में छह श्रद्धालुओं की जान चली गई। दर्जनों लोग घायल हो गए। महाकुंभ के दौरान 29 जनवरी को संगम क्षेत्र में भगदड़ मच गई।



मौनी अमावस्या के अवसर पर लाखों तीर्थयात्री स्नान के लिए जगह पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई, 60 लोग घायल हो गए। आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हादसा हो गया। विक्ट्री परेड शुरू होने से पहले अचानक भीड़ बेकाबू हो गई, जिससे भगदड़ मची। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई और कम से कम 50 लोग घायल हुए।

15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 पर भगदड़ मच गई। भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई, 15 घायल हो गए। तीन मई को गोवा के शिरगाओ गांव में श्री लैराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की मौत और करीब 100 लोग घायल हो गए।

बता दें इस से पहले 4 दिसंबर 2024 को हैदराबाद में अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ में 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। तीन जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में स्वयंभू बाबा भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि द्वारा आयोजित 'सत्संग' (प्रार्थना सभा) में भगदड़ से 121 लोगों की मौत हो गई।

मध्य प्रदेश के इंदौर में एक मंदिर में 31 मार्च 2023 रामनवमी के अवसर पर आयोजित 'हवन' समारोह के दौरान 'बावड़ी' या कुएं के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों की जान चली गई। 2022 के पहले दिन जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 12 लोगों की मौत हो गई। 29 सितंबर 2017 को मुंबई में पश्चिमी रेलवे के एलफिंस्टन रोड स्टेशन को मध्य रेलवे के परेल स्टेशन से जोड़ने वाले पुल पर मची भगदड़ में 23 लोगों की मौत हो गई। गोदावरी नदी के तट पर 14 जुलाई 2015 को हुई भगदड़ में 27 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई।

दशहरा समारोह 3 अक्टूबर 2014 को मेला समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में मची भगदड़ में 32 लोगों की मौत हो गई। 13 अक्टूबर 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ में 115 लोगों की जान चली गई और 100 से अधिक घायल हो गए। 19 नवंबर, 2012 पटना में गंगा के किनारे अदालत घाट पर छठ पूजा के दौरान पुल के ढह जाने से मची भगदड़ में 20 लोग मारे गए।

8 नवंबर, 2011 हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे घाट पर भगदड़ मचने से 20 लोग मारे गए। 14 जनवरी, 2011 केरल के इडुक्की के पुलमेडु में जीप के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालु मारे गए, 40 से अधिक घायल हो गए।

30 सितंबर, 2008 राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाहों के कारण मची भगदड़ में 250 श्रद्धालु मारे गए, 60 से अधिक घायल हो गए। 3 अगस्त, 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में चट्टान गिरने की अफवाह उड़ी, जिसमें 162 लोग मारे गए। वास्तविकता यही है कि अपने देश में भीड़ नियंत्रण को लेकर ठोस रणनीति नहीं बनती और यही कारण है कि ऐसे हादसे होते रहते हैं। जरूरत है कि भगदड़ जैसी होने वाले त्रासदी को रोकने के लिए नई रणनीति के तहत काम किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## कंजक पूजन
डॉ. घनश्याम बादल



# आज के समय बहुत ज़रूरी है कन्या सशक्तिकरण

इस समय शारदीय नवरात्र चल रहे हैं। नवरात्र में कन्या पूजन में भक्तजन कन्याओं को भोजन कराते हैं। नए वस्त्र और उपहार आदि भेंट करते हैं। यह दर्शाता है कि देश में कन्याओं का बहुत सम्मान है, लेकिन यदि वास्तव में कन्याओं का सम्मान है तो उन्हें समाज में उनका उचित स्थान क्यों नहीं मिल पाया है यह आज भी एक महा प्रश्नहै । किसी भी संस्कृति में अच्छी परंपराओं का निभाया जाना अच्छी बात है, लेकिन केवल परंपरा निर्वाह का दिखावा करना अच्छा संकेत नहीं है, बेहतर हो कि कन्या पूजन पर नया चिंतन करें। मान्यता है कि नौ देवियां देवी शक्ति का प्रतिरूप हैं और नौ अलग-अलग रूपों में ममत्व, वात्सल्य, पराक्रम, वीरता की प्रतिमूर्ति होने के साथ-साथ दुष्ट दलन एवं भक्तों की रक्षा भी करती हैं। उनके प्रतीक रूप में ही कन्या पूजन किया जाता है, लेकिन जब उन्हीं शक्तिरूपा कन्याओं का शोषण होता है तो समाज की नीयत पर भी संदेह होता है जो एक ओर तो कंजकों का पूजन करता है, वहीं दूसरी ओर उन्हें अपनी हवस का शिकार बनाता है। तो इन नवरात्रों में नए चिंतन के साथ मनाना सुनिश्चित करें।

भूखे को भोजन कराना पुण्य प्रदान करने वाला है। वर्तमान संदर्भों में यदि नवरात्र में देखें तो इसमें प्रायः संपन्न घरों की, आस पड़ोस की बच्चियों को ही भोजन करवाते देखा जाता है। कहीं, कूड़ा बीनती, सफाई कार्य करती या फिर दूसरों के घरों में काम करने वाली बाइयों की बच्चियों को बहुत कम ही लोग भेजन करवाते हैं। ऐसा कन्या भोज कितना उचित है आज इस पर विचार मंथन एवं चिंतन की ज़रूरत है। आज आवश्यकता है कि हम नवरात्र समय और परिस्थिति के अनुसार थोड़ा हटकर मनाएं। यदि केवल दिखावे के लिए या पुण्य कमाने के लिए कन्या पूजन करेंगे तो अपशकुन तय है।

चिकित्सा विज्ञान कहता है कि बहुत अधिक खाना या खाने में वसा होना स्वास्थ्य खराब कर सकता है, शरीर में बेड कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है और बच्चियां तो बहुत छोटी होती हैं नवरात्र में इन कन्याओं को कई-कई घरों में भोजन करते हुए देखा जा सकता है । अब बच्चों को तो ज्ञान नहीं और थोड़ा बहुत दक्षिणा में मिलने वाले पैसों का लालच भी आ जाता है। मगर यह हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें बीमारी का शिकार न बनने दें। बजाय पकवानों के पोषक तत्वों वाला संतुलित खाना उन्हें परोसें। इससे भी बेहतर हो कि उन्हें ड्राई फ्रूट आदि देने की परंपरा शुरु करें, ताकि बच्चे लंबे समय तक उन्हें खा भी सकें।

कंजक जिमने के पीछे भाव होता है कि बालिकाओं को सम्मान देना इसलिए सामाजिक रूप से ऐसा वातावरण तैयार करें कि केवल कन्याओं को ही नहीं संपूर्ण महिला शक्ति को सम्मान से जीने का वातावरण मिले। नवरात्र में दान करके भी पुण्य कमा सकते हैं, अनेक ऐसे लोग हैं जो पर्याप्त मात्रा में भोजन नहीं ले पा रहे हैं। इसके लिए आप अपने आसपास की किसी भी धार्मिक संस्था या एनजीओ को यह बता दें कि आप कितने लोगों को भोजन या वस्त्र आदि दान करना चाहते हैं और ऐसे में नियत समय पर आकर उनका प्रतिनिधि आपसे वह भोजन वस्त्र ले जाए तथा उस भोजन को जरूरतमंदों, कुष्ठ रोगियों अनाथालय आदि के जरूरतमंद लोगों को जिनमें कन्याएं भी हो सकती हैं खिला सकते हैं। साथ ही साथ अपनी श्रद्धा अनुसार उपयुक्त दक्षिणा राशि भी उस संस्था को दान भी दे सकते हैं । कन्या पूजन में ऐसे बच्चों की मदद करें, जिन्हें वास्तव में मदद की ज़रूरत है। यदि आप प्रतिवर्ष केवल एक कन्या को भी उसकी वार्षिक फीस यूनिफॉर्म पढ़ाई लिखाई का सामान आदि दे पाएं तो एक स्त्री जीवन को आप सचमुच शक्ति रूपा बनने में मदद कर रहे होंगे और यह सबसे अच्छी देवी आराधना होगी ।

बच्चियों को दक्षिणा में नकद पैसे न देकर यदि उनके लिए स्कूल की यूनिफॉर्म, किताबें उनके लिए पढ़ाई-लिखाई का सामान अथवा उनके खाने-पीने की ऐसी वस्तुएं दें जो लंबे समय तक में प्रयोग में ला सकें तो शायद नवरात्र कहीं अधिक सार्थक होगा। इससे भी बढ़कर अंत में भूलकर भी उपहार में प्लास्टिक का सामान न तो दें न ही प्लास्टिक के बर्तनों में उन्हें भोजन कराएं, क्योंकि इससे उनके शरीर में माइक्रोप्लास्ट के जाने का खतरा बढ़ जाता है और कैंसर होने की संभावना भी अधिक हो जाती है। यदि सच्चे अर्थों में नवरात्र का पुण्य अर्जित करना है तो फिर निस्वार्थ भाव से कन्याओं को प्रोत्साहित करें उन्हें आत्म सुरक्षा कला,संस्कृति परंपरा एवं राष्ट्रीयता के साथ-साथ आत्म सम्मान की भावना का प्रशिक्षण ज़रूर दिलवाएं। ऐसा करके हम नवरात्र एवं बेटी दिवस दोनों को सार्थक कर सकते हैं। इसलिए संकल्प लें और कन्या सशक्तिकरण की दिया में कदम उठाएं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें



संकलित
दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए।

# गणेश विनायक जी की कथा



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊँगी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घंटी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगों तुम क्या मागती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर मांगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दिल के रोगों के प्रति सचेत रहें

विश्व हृदय दिवस हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपने सबसे महत्वपूर्ण अंग- हृदय- की सेहत पर पर्याप्त ध्यान दे रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत में गैर-संचारी रोगों से होने वाली मौतों में लगभग 27 फीसदी सिर्फ हृदय रोगों के कारण होती हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है, जो सामान्य और स्वस्थ दिखते हुए भी अचानक हृदयघात का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्यवश, हम चेहरे और शरीर की देखभाल में तो समय निकालते हैं, लेकिन दिल की सुरक्षा को नजरअंदाज़ कर देते हैं। यह अंग बिना रुके दिन-रात काम करता है और जीवन को धड़कन देता है। ऐसे में जागरूकता व संतुलित जीवनशैली ही इसे मजबूत रख सकती है।

*- नीलकंठ साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### अद्वितीय मिसाल

दिल्ली के भाजपा कार्यकर्ताओं का इतिहास संघर्ष और समर्पण की अद्वितीय मिसाल रहा है। इन्होंने हर चुनौती के बीच ना केवल संगठन को जीवंत रखा, बल्कि इसे सशक्त बनाने में भी अपना अद्भुत योगदान दिया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### किसान होता है खुश

किसान का हृदय तब प्रसन्न होता है जब फसल फलती-फूलती दिखाई देती है। हमने शिमला मिर्च की खेती की थी और आज बेहतरीन क्वालिटी की शिमला मिर्च हमारे हाथ में है। मेहनत लगी, परिणाम सुखद है। अब ये बाजार में बिकने भी जा रही है।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री



### एआई तारीफ कर रहा

समाजवादियों द्वारा बनवाए गए 'आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे' की तारीफ़ तो एआई भी कर रहा है। ईमानदारी से पूरे किए गए संकल्प ही ऐतिहासिक बनते हैं और बड़े कामों की फेहरिस्त में अपनी जगह बनाते हैं। समाजवादी काम, जनता के नाम।

-अखिलेश यादव, सपा नेता



### सच्चाई का आकलन

क्या हो अगर आपको जो कुछ भी सिखाया गया है वो सब झूठ हो? सच सिर्फ़ छुपाया नहीं जाता, उसका मूल रूप से आकलन किया जाता है। द तेज स्टोरी में 31 अक्टूबर को अपने नज़दीकी सिनेमाघरों में सच्चाई उजागर करेंगे।

-परेश रावल, अभिनेता



## करंट अफेयर


# लंदन में भारतीय उच्चायोग ने 'विकसित भारत रन' मनाया

लंदन में भारतीय उच्चायोग और ब्रिटेन स्थित वाणिज्य दूतावासों ने 'सेवा पर्व 2025' के अवसर पर कई 'विकसित भारत रन' कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें समुदाय के सदस्यों ने 'सेवा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक गौरव' के संदेश के साथ एकजुट होकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने रविवार को उत्तर-पश्चिम लंदन के हैरो में आत्मनिर्भर भारत संकल्प के साथ इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह संकल्प दुनिया भर के भारतीयों को देश की संस्कृति, परंपरा और विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध करता है। वरिष्ठ राजनयिक ने बाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत मध्य लंदन स्थित उच्चायुक्त के आधिकारिक आवास पर चेरी का एक पौधा लगाया जो 'धरती माता की पोषण भावना और अधिक टिकाऊ एवं हरित भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता' को श्रद्धांजलि है। लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने कहा, ''हैरो में 'विकसित भारत रन' के सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई। पहले कदम से लेकर आखिरी पड़ाव तक उन्होंने प्रतिबद्धता, दृढ़ता और एकता की भावना को मूर्त रूप दिया।'




## ऑफ बीट

# मद्यपान यकृत की बीमारी को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार



यकृत बेहद जरूरी अंग है। इंसान को जीने के लिए इसकी जरूरत होती है। यकृत चयापचय और भोजन भंडारण में योगदान देता है, रक्त का थक्का जमाने में मदद करने वाले प्रोटीन का उत्पादन करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली में अहम भूमिका निभाता है। कोशिका के स्तर पर, शराब एक विषैला पदार्थ है जिसका चयापचय (विघटन) मुख्यतः यकृत में होता है। जब शराब की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है, तो यकृत की कोशिकाएं सूज जाती हैं और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं (यकृत की सूजन को हेपेटाइटिस कहते हैं)। समय के साथ, सूजन या क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की जगह फाइब्रोसिस आ जाता है, यानी सामान्य यकृत ऊतक का स्थान नुकसान पहुंचाने वाले ऊतक ले लेते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सिरोसिस की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यकृत के कार्य करने की क्षमता में शिथिलता आ जाती है। सिरोसिस अपने आप में घातक हो सकता है और यकृत कैंसर का कारण भी बन सकता है। शराब यकृत रोग में किस प्रकार हिस्सेदार? शराब के कारण होने वाले यकृत रोग को शराब संबंधित रोग या एएलडी कहा जाता है, जिसे पहले अल्कोहलिक लिवर डिसीज कहा जाता था। ज्यादा शराब पीने वाले, अक्सर शराब सेवन विकार (एयूडी) से पीड़ित लोगों में सिरोसिस और 'लिवर फेलियर' हो सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# विश्वकप मिशनः घरेलू जमीन पर इतिहास रचने उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

अच्छे फॉर्म में चल रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम घरेलू मैदानों पर खेलने का फायदा उठाकर 47 साल बाद पहला आईसीसी खिताब जीतने के इरादे से मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ वनडे विश्व कप के पहले मैच में उतरेगी। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम 13वें विश्व कप में हालात से वाकफियत का पूरा फायदा उठाना चाहेगी। टूर्नामेंट 12 साल बाद भारत में हो रहा है। इसमें आठ शीर्ष टीमें आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान भाग लेंगी। सभी टीमें भारत में चार और कोलंबो में एक स्थान पर 28 लीग मैच राउंड रॉबिन आधार पर खेलेंगी।

- महिला विश्व कप का पहला मैच आज दोपहर 3 बजे से गुवाहाटी में भारत और श्रीलंका के बीच



### भारतीय टीम को दबाव में आने की आदत से पार पाना होगा

भारतीय टीम को बड़े मौकों पर दबाव में आने की आदत से भी पार पाना होगा। विश्व कप 2017 में जीत के करीब पहुंचकर टीम ने मैच गंवा दिया था और 2022 राष्ट्रमंडल खेल फाइनल में भी मामूली अंतर से आस्ट्रेलिया से हारी थी। टूर्नामेंट की सह मेजबान श्रीलंकाई टीम 2022 विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। श्रीलंका की उम्मीदें 20 वर्ष की हरफनमौला ड्यूमी विहांगा पर टिकी हैं जिसने त्रिकोणीय श्रृंखला में 11 विकेट लिये थे।

# हुड्डा ने विश्व रिकॉर्डधारी गुर्जर को हराकर एफ46 भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता

भाषा ⏭ नई दिल्ली

रिंकू हुड्डा ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन सोमवार को पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्डधारी हमवतन सुंदर सिंह गुर्जर को पछाड़ कर स्वर्ण पदक जीता। गुर्जर को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। रिंकू ने 66.37 मीटर भाला फेंककर अपना पहला विश्व चैंपियनशिप खिताब जीता जबकि गुर्जर ने 64.76 मीटर भाला फेंककर दूसरा स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में शामिल एक अन्य भारतीय अजीत सिंह 61.77 मीटर की दूरी के साथ चौथे स्थान पर रहे। क्यूबा के गिलर्मो वरोना गोंजालेज ने 63.34 मीटर भाला फेंक कर कांस्य पदक अपने नाम किया। एफ46 श्रेणी उन लोगों के लिए है जिनकी एक या दोनों भुजाओं की गतिविधि मामूली रूप से प्रभावित है या जिनका एक हाथ नहीं हैं। इसके खिलाड़ी खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस चैंपियनशिप में अब के भारत की पदकों की संख्या पांच (दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक) हो गयी हैं। भारत पदक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गया है।

- गुर्जर को रजत से संतोष करना पड़ा



- रिंकू ने 66.37 मीटर भाला फेंककर अपना पहला विश्व चैंपियनशिप खिताब जीता
- जबकि गुर्जर ने 64.76 मीटर भाला फेंककर दूसरा स्थान हासिल किया

## टूर्नामेंट में अजेय रहा भारत

# अभिषेक, कुलदीप ने बिखेरी चमक सूर्यकुमार और हार्दिक रहे नाकाम



एजेंसी ⏭ दुबई

भारत और पाकिस्तान के बीच तल्ख रिश्तों के कारण एशिया कप में मैदान से बाहर की चीजें काफी हावी रही लेकिन इस हंगामे के बीच प्रतिभा की चमक, नए सितारों का उदय और असफलता के आंसू देखने को मिले। भारत पूरे टूर्नामेंट के अपने सात मैचों के दौरान अजेय रहा। टीम को हालांकि श्रीलंका ने सुपर चार के महत्वहीन मैच में कड़ी टक्कर दी और पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मुकाबले का फैसला भी टूर्नामेंट के आखिरी ओवर में हुआ। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ खेले गए तीनों मैचों को छोड़कर अपने बाकी सभी मैच जीते। गत चैंपियन श्रीलंका को सुपर चार चरण में पाकिस्तान और बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट से पहले अफगानिस्तान से काफी उम्मीदें थे लेकिन टीम सुपर चार चरण में पहुंचने में विफल रही।

### सूर्यकुमार मैच फीस करेंगे सशस्त्र बलों और पहलगाम पीड़ितों को दान

कप्तान सूर्यकुमार यादव एशिया कप से मिलने वाली पूरी मैच फीस भारतीय सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को दान करेंगे। भारत ने रविवार को पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर एशिया कप जीता। सूर्यकुमार ने मैच के बाद एक्स पर लिखा,' मैंने इस टूर्नामेंट से अपनी पूरी मैच फीस हमारे सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को दान करने का फैसला किया है। आप हमेशा मेरे ख्यालों में हैं। जय हिंद।' भारतीय खिलाड़ियों को टी20 प्रारुप में हर मैच में चार लाख रुपए मिलते हैं यानी टूर्नामेंट के सात मैचों के लिए सूर्यकुमार को 28 लाख रुपए मिलेंगे। सूर्यकुमार ने 14 सितंबर को पहले ग्रुप मैच में पाकिस्तान पर मिली जीत को पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों और भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित किया था। पाकिस्तान ने उन पर राजनीतिक बयान देने का आरोप लगाकर आईसीसी से शिकायत दर्ज कराई थी और उन पर प्रतिबंध की भी मांग की थी।

### सोशल मीडिया पर ट्रॉफी की 'इमोजी' के साथ मनाया जीत का जश्न

रऊफ ने इस हरकत से भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' का मजाक उड़ाया था। भारतीय सेना ने पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या के बाद पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' नामक सैन्य अभियान चलाया था। फाइनल में रऊफ के विकेट उखाड़ने के बाद बुमराह की यह प्रतिक्रिया उसी मजाक उड़ाने की कोशिश का करारा जवाब था।

# डेनिस ने तोड़ा विश्व रिकॉर्ड गोला फेंक में जीता गोल्ड

**ग्नजडिलोव का तीसरा विश्व पैरा चैंपियनशिप खिताब**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



तटस्थ पैरालंपिक एथलीट (एनपीए) डेनिस ग्नजडिलोव ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन सोमवार को एफ40 गोला फेंक में दो बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के साथ स्वर्ण पदक जीता। रूस के 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपने शुरुआती प्रयास में 10.66 मीटर की दूरी हासिल की लेकिन इसके बाद के उनके चारों प्रयास स्वर्ण पदक के लिए काफी थे। उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 11.85 मीटर की दूरी के साथ पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेइरो के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा और फिर अपने पांचवें प्रयास में इसमें सुधार करते हुए 11.92 मीटर की दूरी हासिल की। तोक्यो 2020 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ग्नजडिलोव का यह तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब है।

### दयावंती ने चक्का फेंक में हासिल किया चौथा स्थान

इस दौरान चुनौती पेश कर रहे भारतीय खिलाड़ियों में दयावंती ने सोमवार सुबह महिलाओं की चक्का फेंक एफ46 फाइनल में अपने आखिरी प्रयास में 27.94 मीटर का थ्रो करके चौथा स्थान हासिल किया। इस थ्रो से उन्होंने एशियाई रिकॉर्ड तो बनाया लेकिन वह कांस्य पदक विजेता अमेरिका की एलिसिया ग्युरेरो से 1.51 मीटर पीछे रह गईं। आयुष वर्मा पुरुषों की गोला फेंक एफ5 फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 7.23 मीटर का रहा जो कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी से 97 सेंटीमीटर कम था। अनुभवी एथलीट रोंगाली रवि पुरुषों की गोला फेंक एफ40 फाइनल में पदक की दौड़ में शामिल नहीं हो पाए। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 10.10मीटर रहा, जो पोडियम पर जगह बनाने के लिए जरूरी दूरी से 76 सेंटीमीटर कम था।

### पोलैंड पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा

यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस और बेलारूस पर प्रतिबंध के कारण इन दोनों देशों के खिलाड़ी एनपीए के तहत प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। छोटे कद के खिलाड़ियों की इस स्पर्धा में पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेइरो (11.31 मीटर) और इराक के गर्राह तनायश (10.86 मीटर) ने कांस्य पदक जीता। सोमवार सुबह को दो अन्य चैंपियनशिप रिकॉर्ड कायम हुए और इस दौरान पोलैंड पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। पुरुषों की गोला फेंक एफ53 फाइनल में पोलैंड के बार्टोस्ज गोरजाक ने 8.67 मीटर का थ्रो करके मीट रिकॉर्ड को अपने नाम किया। महिलाओं के चक्का फेंक एफ44 फाइनल में मैक्सिको की ओसिरिस एनेथ माचाडो ने 44.36मीटर के थ्रो के साथ चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।

# भारत का क्लीन स्वीप, ओजस्वी को स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** ओजस्वी ठाकुर की अगुआई में भारत ने आईएसएसएफ जूनियर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर महिला एयर राइफल स्पर्धा में पदकों का क्लीन स्वीप किया। ओजस्वी के स्वर्ण के अलावा हृदया श्री कोंदुर और शंभावी क्षीरसागर ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया। ओजस्वी ने कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में फाइनल में अपने आठवें और 16वें शॉट में 10.9 के



परफेक्ट स्कोर के साथ कुल 252.7 अंक के साथ खिताब जीता। हृदया श्री 250.2 अंक के साथ दूसरे जबकि क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही शंभावी 229.4 अंक के आथ तीसरे स्थान पर रही। भारतीय तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन में भी दबदबा बनाते हुए पहले तीन स्थान हासिल किए। शंभावी 632.0 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं जबकि उनके बाद ओजस्वी ने 631.9 और हृदया श्री ने 629.8 अंक जुटाए। क्वालीफिकेशन में आठवें स्थान पर रहीं क्रोएशिया की अनामरिजा तुर्क ने फाइनल में 206.6 अंक के साथ चौथा स्थान हासिल किया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | (i) एमडीयू, रोहतक में फैकल्टी हाउस में प्रथम तल पर डाइनिंग हॉल और वीवीआईपी सुइट हेतु फर्नीचर की आपूर्ति। (ii) एमडीयू, रोहतक में फैकल्टी हाउस के लिए फर्नीचर अर्थात गार्डन चेयर्स और टेबल्स की आपूर्ति। | 26.09.2025 16.10.2025 | ईएमडी रु. 27,040/- | https://mdu.ac.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39120/1/88/6 दि. 29.09.25




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




| पुराना एक्स-शोरूम | GST बेनिफिट्स | नया एक्स-शोरूम |
|---|---|---|
| ₹77 981* से शुरू | ₹6 093 | ₹71 888* से शुरू |

डाउन पेमेंट ₹1999^ से शुरू

प्रतिदिन की EMI ₹69^ से शुरू

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs

5 crore+ HAPPY CUSTOMERS

Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक | सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स#

Also available on
Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Haryana.

TOLL FREE
1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad:Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal: Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa:Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali:Karan Hero - 9289922490; Nuh: Sunil Hero - 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero - 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak:Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.

RS/Hero/09/25